वर्ष-12, अंक-58
इन्दौर, गुरुवार
29 मई 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

RNI-MPHIN/2013/53761

# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना


प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

### चाणक्य नीति

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'

मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।

-चाणक्य



## किसान सब्सिडी योजना 2026 तक जारी रहेगी, फसलों की एमएसपी बढ़ी

### केंद्र सरकार ने धान, कपास, सोयाबीन, अरहर समेत खरीफ की 14 फसलों की लागत से 50% अधिक एमएसपी बढ़ाई

● नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने धान, कपास, सोयाबीन, अरहर समेत खरीफ की 14 फसलों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) लागत से लागात से 50 प्रतिशत बढ़ा दी है। केंद्रीय कैबिनेट ने 28 मई को यह फैसला लिया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान की नई एमएसपी 2,369 रुपए तय की गई है, जो पिछली एमएसपी से 69 रुपए ज्यादा है। कपास की नई एमएसपी 7,710 रुपए तय की गई है। इसकी एक दूसरी किस्म की नई एमएसपी 8,110 रुपए कर दी गई है, जो पहले से 589 रुपए ज्यादा है।

नई एमएसपी से सरकार पर 2 लाख 7 हजार करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। यह पिछले फसल सीजन की तुलना में 7 हजार करोड़ रुपए ज्यादा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि एमएसपी फसल की लागत से कम से कम 50 प्रतिशत ज्यादा हो, इस बात का ध्यान रखा गया है। केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की ब्याज सब्सिडी योजना को जारी रखने का फैसला किया। ब्याज सब्सिडी योजना (एमआईएसएस) को अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इसके लिए जरूरी फंड भी तय कर लिया गया है। ये योजना किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के जरिए किसानों को कम ब्याज पर लोन देने के लिए है। किसान केसीसी से 3 लाख रुपए तक का लोन 7 प्रतिशत ब्याज पर ले सकते हैं, जिसमें बैंकों को 1.5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी मिलती है। जो किसान समय पर लोन चुका देते हैं, उन्हें 3व्र तक का प्रोत्साहन मिलता है, यानी उनका ब्याज सिर्फ 4 प्रतिशत रह जाता है। पशुपालन या मछली पालन के लिए लोन पर 2 लाख रुपए तक की सीमा पर ये लाभ मिलता है।

### एमएसपी में 23 फसलें

- 7 प्रकार के अनाज (धान, गेहूं, मक्का, बाजरा, ज्वार, रागी और जौ)
- 5 प्रकार की दालें (चना, अरहर/तुअर, उड़द, मूंग और मसूर)
- 7 तिलहन (रेपसीड-सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, कुसुम, निगरसीड)
- 4 व्यावसायिक फसलें (कपास, गन्ना, खोपरा, कच्चा जूट)

### मप्र में रेलवे की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मप्र के लिए एक महत्वपूर्ण रेल परियोजना रतलाम-नागदा सेक्शन में तीसरी और चौथी रेलवे लाइन को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना भारतीय रेल की लाइन क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से रतलाम और नागदा के बीच की रेल सेवाएं और अधिक द्रुतगामी और निर्बाध बनेंगी। परियोजना की अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रुपए है। इसे वर्ष 2029-30 तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने की दिशा में कारगर कदम साबित होगा। उन्होंने इस परियोजना की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया।

**सीएम ने जताया पीएम का आभार**

▶ 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था कानून

## कमांडर-इन-चीफ की होगी नियुक्ति यही अब तीनों सेनाओं पर लेंगे एक्शन

### देश में इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम हुआ लागू, कमांडर तीनों सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा, केंद्र सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया

● नई दिल्ली



देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया।

नए कानून बनने से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन-कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो। इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था। 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसे 10 मई 2024 से लागू किया गया। सरकार ने बुधवार को नए नियमों को भी आधिकारिक रूप से राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित (गजटेड) कर दिया गया है। यह अधिनियम आईएसओ के कमांडर-इन-चीफ और ऑफिसर-इन-कमांड को अपने अधीन सेवारत सेवा कर्मियों पर नियंत्रण रखने का अधिकार देता है जिससे संगठनों के भीतर अनुशासन और प्रशासन सुनिश्चित होता है। यह सशस्त्र बलों की प्रत्येक शाखा पर लागू विशिष्ट सेवा शर्तों में बदलाव किए बिना हासिल किया जाता है। अधिनियम की धारा 11 के तहत तैयार किए गए नए अधिसूचित अधीनस्थ नियमों का उद्देश्य, कानून में निर्धारित प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुगम बनाना है।

(शेष पेज 8 पर)

#### कमांड

**अब:** नए नियम के तहत अब कोई भी सेवा अधिकारी (जैसे थलसेना का अधिकारी) इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन में कार्यरत किसी भी अन्य सेवा (जैसे नौसेना या वायुसेना) के जवानों को कमांड दे सकेगा।

**पहले:** पहले इस प्रकार के अधिकार केवल संबंधित सेवा के भीतर ही सीमित होते थे। इससे कई बार संचालन में बाधाएं आती थीं, जैसे कि नेवी अफसर, नौसेना के जवानों को ही आदेश दे सकता था।

#### कंट्रोल

**अब:** नए नियम के तहत इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन से जुड़े सभी जवान एक अधिकारी के तहत कंट्रोल हो सकेंगे। एक संबंधित अधिकारी को एडमिनिस्ट्रेटिव पावर दी जाएगी। वे किसी भी सेना (आर्मी, नेवी, एयरफोर्स) के जवानों से जुड़े फैसले ले सकता है।

**पहले:** पुराना नियम स्पेसिफिक सर्विस के यूनीक वर्किंग एन्वायर्नमेंट को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। ऐसे में एडमिनिस्ट्रेटिव एक्शन के लिए जवान को उनके पेरेंट सर्विस यूनिट्स में वापस भेजने की जरूरत पड़ती थी। इसमें न केवल ज्यादा समय लगता था, बल्कि जवान की आवाजाही के कारण पैसा भी खर्च होता था।

#### अनुशासन

**अब:** नया नियम एक यूनिट या एस्टैब्लिशमेंट के सैनिकों को एकजुट करने में मदद करता है। ऐसे में जब कहीं अनुशासनहीनता का कोई भी मामला सामने आता है, तो उसके बारे में जल्द फैसला लिया जा सकेगा।

**पहले:** कहीं पर अनुशासनहीनता होती थी तो उस एक इनडिसिप्लिन के मामले में तीन अलग-अलग जगहों पर प्रोसिडिंग्स होती थी। जब तीन अलग-अलग जगहों पर प्रोसिडिंग्स होंगी तो हो सकता है कि उसका रिजल्ट भी तीन अलग-अलग तरह से निकले।

### जम्मू कश्मीर समेत 6 राज्यों में मॉक ड्रिल स्थगित

**पाकिस्तान** से सटे 6 राज्यों में गुरुवार को होने वाली मॉकड्रिल स्थगित कर दी गई है। इनमें जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ शामिल थे। इसे ऑपरेशन शील्ड नाम दिया गया है। पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। बाकी राज्य नई तारीखों का ऐलान जल्द करेंगे। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस है जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है।

## विजय शाह केसः सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को सुनवाई से रोका

### SIT को जांच के लिए जुलाई तक वक्त दिया; कर्नल सोफिया को आतंकियों की बहन कहा था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी से विवादों में घिरे मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के मामले की सुनवाई हुई। जस्टिस जेजे सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने मामला सुना।



जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- SIT ने 21 मई को जांच की, वो बयान देने वाली जगह गई थी। मोबाइल समेत कुछ सबूत भी इकट्ठा किए गए। गवाहों के बयान लिए गए। जांच अभी शुरुआती चरण में है। हाईकोर्ट से हमारी रिक्वेस्ट है कि वो हमारे साथ-साथ सुनवाई न करे। SIT ने तय तारीख को जांच रिपोर्ट पेश कर दी। स्ढ्ढञ्ज ने कुछ और समय मांगा है। इस मामले की सुनवाई अब जुलाई के पहले हफ्ते में होगी।

#### मंत्री शाह से नहीं की गई पूछताछ

स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) का गठन 19 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही हुआ था। इसमें IG सागर रेंज प्रमोद वर्मा, DIG SAF कल्याण चक्रवर्ती और स्क्क डिंडौरी वाहिनी सिंह शामिल हैं। चौंकाने वाली बात है कि स्ढ्ढञ्ज ने 6 दिन जांच की, लेकिन मंत्री विजय शाह से अभी तक कोई पूछताछ नहीं की गई। सूत्रों का कहना है कि मंत्री का वीडियो में रिकॉर्ड बयान ही बड़ा सबूत है। उन्होंने माफी मांगने का तीसरा वीडियो जारी कर ये भी साबित कर दिया कि उनका बयान आपत्तिजनक था। SIT ने 11 मई को महू के रायकुंडा गांव में हुए हलमा कार्यक्रम के मंच पर मौजूद लोगों के बयान भी अपनी रिपोर्ट में दर्ज किए हैं। यहीं विजय शाह ने कर्नल कुरैशी को आतंकियों की बहन बताया था।

#### हाईकोर्ट के आदेश पर FIR हुई

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 14 मई को शाह के बयान पर नोटिस लेते हुए FIR दर्ज करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश पर उनके खिलाफ इंदौर के मानपुर थाने में स्नढ्ढक्र दर्ज की गई थी। इसके खिलाफ शाह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। सूत्रों के मुताबिक, SIT की रिपोर्ट की कॉपी इस केस के सुप्रीम कोर्ट में इंटर विनर व कांग्रेस नेता जय ठाकुर के वकीलों को उपलब्ध नहीं कराई गई है। वकील इस पर आपत्ति दर्ज कराएंगे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई 19 मई को की थी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा था, ÷हम देखना चाहेंगे कि आपने किस तरह की माफी मांगी है।

### जिम्बाब्वे में सड़क दुर्घटना में 12 की मौत

**हरारे।** जिम्बाब्वे में मिडलैंड्स प्रांत के क्वेके के पास एक राजमार्ग पर सुबह एक ईंधन टैंकर, एक ट्रक और एक वैन की टक्कर होने से 12 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के प्रवक्ता पॉल न्याथी ने एक बयान में कहा कि दो ट्रेलर वाला पेट्रोल टैंकर सामने से आ रहे एक ट्रक और वैन से टकरा गया। टैंकर वैन को कई मीटर तक घसीटते हुये वैन के ऊपर ही पलट गया।

## एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर एक्शन ले सकेगा



**नई दिल्ली।** देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया। नए कानून बनने से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन-कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो। इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था।

## मणिपुर में भाजपा विधायकों ने सरकार बनाने का दावा किया

### राज्यपाल के पास 10 MLA पहुंचे, 44 के समर्थन का दावा; यहां अभी राष्ट्रपति शासन

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, NPP और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं।



इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। वहीं, निर्दलीय विधायक सपाम निशिकांत सिंह ने कहा- हमने राज्यपाल को एक पेपर दिया है, जिस पर 22 विधायकों ने साइन किए हैं। मणिपुर में सभी NDA विधायक सरकार बनाना चाहते हैं।

## देश में कोरोना के 1200 केस, अबतक 12 मौतें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं। इसके बाद केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं। नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को 78 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह राज्य में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत है।

## पुतिन आग से खेल रहे: ट्रम्प

### कहा- मैं न होता तो रूस के साथ बहुत बुरा हो चुका होता

**वाशिंगटन (एजेंसी)।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को चेतावनी दी है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पुतिन आग से खेल रहे हैं। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन पर जारी हवाई हमलों के बाद आया।



उन्होंने कहा कि अगर वे नहीं होते तो रूस के साथ बहुत बुरा हो चुका होता। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प इस हफ्ते के आखिर तक रूस पर नए प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने भी प्रतिबंध बढ़ाने की बात कही थी। इस दौरान ट्रम्प ने यह भी कहा था कि पुतिन पूरी तरह पागल हो गए हैं। दरअसल रूस ने 24 मई को यूक्रेन पर 3 साल में सबसे बड़ा हवाई हमला किया था, जिसके बाद से ट्रम्प खुलकर पुतिन की आलोचना कर रहे हैं। रूस ने कीव पर 9 बैलिस्टिक मिसाइलों, 60 क्रूज मिसाइलों और 298 ड्रोन से हमला किया था।

### बारिश से आठ की मौत

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों के दौरान मानसून के पहले की बारिश ने कहर बरपाया है और कृषि और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। बुधवार को जारी आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 35,000 हेक्टेयर में फैली खड़ी फसलें, सब्जियां और बाग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा, कई घरों, मवेशियों के शेड और गोदामों को भी भारी नुकसान हुआ है। बिजली गिरने, डूबने, घर गिरने और पेड़ गिरने की घटनाओं में आठ लोगों की जान चली गई और दो अन्य घायल हुए हैं। प्रतिकूल मौसम के कारण राज्य भर में आठ जानवरों की भी मौत हुयी है।

## संपादकीय

### हिन्दुस्तानी छात्रों से अमेरिका को अरबों की कमाई



*अमेरिका में 11 लाख से ज्यादा विदेशी छात्र पढ़ाई करने के लिए जाते हैं। इसमें लगभग 60 फीसदी भारतीय छात्र होते हैं। इन छात्रों द्वारा लाखों रुपए की फीस अमेरिका के शिक्षण संस्थानों को दी जाती है। विदेशी छात्रों की फीस से अमेरिका के शिक्षण संस्थानों को लाखों करोड़ों रुपए प्रतिवष की कमाई होती है। डोनाल्ड ट्रंप जब से अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उन्होंने विदेशियों के बारे में जो राय बनाई है। उसके कारण अमेरिका का शैक्षणिक जगत समाप्त होने की कगार पर पहुंच रहा है। अमेरिका के शिक्षण संस्थानों के ऊपर डोनाल्ड ट्रंप की टेडी नजर है। ट्रम्प के कारण अमेरिका को आगे चलकर बहुत बड़ा नुकसान होने वाला है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का सारी दुनिया में नाम है। यहां पर एडमिशन लेने के लिए दुनिया के सभी देशों से बच्चे यहां आकर पढ़ना चाहते हैं। ट्रंप प्रशासन ने विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक लगा दी। हालांकि अमेरिका के न्यायालय ने ट्रंप के आदेश को रद्द कर दिया है, लेकिन यह खतरा अभी टला नहीं है। ट्रंप सरकार का रवैया विदेशियों के लिए बहुत आक्रामक और अपमानजनक है। ट्रंप के रूख और फैसलों को देखते हुए, अब सारी दुनिया के देशों से अमेरिका में पढ़ने के लिए जो छात्र आते थे। उनकी संख्या में इस साल भारी गिरावट आई है। हाल ही में ट्रंप प्रशासन द्वारा विदेशी छात्रों के साथ जिस तरह की प्रताड़ना की जा रही है। छात्रों को अनाप-शनाप आरोपों में अमेरिका से निष्कासित किया जा रहा है। उसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया भारत सहित दुनिया के देशों में हुई है। ट्रंप सरकार का कहना है, अमेरिकी के विश्वविद्यालयों में यहूदी विरोधी नीतियां चलाई जा रही हैं। ट्रंप प्रशासन की इस कार्रवाई को अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। अमेरिका में यह आजादी अब खत्म होती दिखने लगी है। अमेरिका में सबसे ज्यादा छात्र भारत से पढ़ने के लिए जाते हैं। अमेरिका की जितनी भी यूनिवर्सिटी हैं, वह भारतीय विदेशी छात्रों के बल पर चल रही हैं। कई विश्वविद्यालय में 24 फ़ीसदी से लेकर 51 फीसदी तक विदेशी छात्र महंगी फीस देकर पढ़ रहे है। यह विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों के बल पर चल रहे हैं। अमेरिकी छात्रों की तुलना में विदेशी छात्रों से ज्यादा फीस वसूल की जाती है। पिछले 4 महीने में ट्रंप प्रशासन द्वारा जिस तरह से शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाया गया है। विदेशी छात्रों पर प्रताड़ना की कार्रवाई की जा रही है।*

## दाग

दाग कई तरह के होते है, बस फर्क इतना है कि वो किसी के चेहरे पर तो किसी के कपडे पर तो किसी के दामन पर होते है। चेहरे के दाग को तो किसी अच्छे मंहगे क्रिम को लगा कर मिटाया जा सकता है। कपडे पर लगे दागो तो अच्छे वाशिग पावडर से साफ किया जा सकता है, परंतु दामन पर लगे दाग को न मिटाया जा सकता है न साफ किया जा सकता है। कहते है कपडे और चेहरे के दाग को तो साफ किया जा सकता है, परंतु किसी के दामन पर लगे दाग को मिटाया नही जा सकता है। मन्नु चाचा ने अपने चेहरे के दागो को तो डाक्टर से अपचार करवा कर उनको साफ करवा लिया। कपडे पर लगे दागो को उन्होने लांड्री वाले से साफ करवा लिया, परंतु उनके दामन पर लगे दाग को वो बरसो बरस से साफ नही कर पाया। मन्नु चाचा ने लाख जतन कर लिए एडी से चोटी तक का जोर लगा लिया ,पर वे अपने दामन पर लगे दाग को साफ नही कर पाए। अब सरपंच साहब कि जगह बेचारे मन्नु चाचा धरागए। इसे कहते है गेहु की जगह धनेरिया पीसा गया।? इस तरह मन्नु चाचा के दामन पर रिश्वत लेने का दाग लग गया। बेचारे मन्नु चाचा अपने आपको निर्दोष साबित करने के लिए यहा वहा कहा- कहा नही भटके , पर नतीजा वही डाल के तीन पात रहा। एक दिन मन्नु चाचा ट्रेन मे सफर कर रहे थे तो एक बातुनी से मन्नु चाचा का परिचय हो गया। उसने बातो ही बातो मे बताया कि ,पैसा वो साबुन है जो आज के जमाने के हर दाग को साफ कर देता है। मन्नु चाचा को यह बात सुनते ही अपने आपको निर्दोष साबित करने की आशा कि एक किरण दिखाई दि। अब मन्नु चाचा इस जुगाड मे है कि कैसे भी वे पैसे वाले बन जाए और कुछ देकर अपने दामन पर लगे दाग को धो सके।

**आशीष सकलेचा, जावरा**

## शाम की चाय

शाम की चाय तुम्हारे साथ पीने का मज़ा ही अलग है कृति। सही बात है सृजन। मेरी तो दिनभर के ऑफिस की थकान जैसे एक चुटकी में गायब हो जाती है। चाय का कप कृति को पकड़ाते हुए सृजन प्रश्न करता है - वो कैसे भला ? गुनगुनी चाय के एक घूंट से अपना गला तर करते हुए कृति कहती है - क्योंकि ये चाय तुम जो बनाते हो। सृजन - ओह ! ऐसा क्या अलग है इसमें ? चाय तो चाय जैसी ही बनती है। कृति - हाँ मगर ! शाम की इस चाय में तुम्हारे विश्वास, प्रेम और इंतजार का जो जायका अलग से आता है वो सुबह की चाय से कहीं अधिक है। चाय का प्याला हाथों में थामे दोनों एक-दूसरे की आँखों में देखकर अपने सफल वैवाहिक जीवन की मुस्कान बिखेरने लगते हैं।

**यशपाल तँवर,**
**अलकापुरी, रतलाम, मध्यप्रदेश**

## पिताजी

गर्मी में प्रतिदिन घर में आम रस बन रहा था। सभी बड़े चाव से खाते पीते लेकिन मां आम रस पीना तो दूर उस और निहारती भी नहीं ।जब भी कहते आप भी लो ना, पर वह हर पल मना ही करती थी। एक दिन बेटे से रहा न गया। क्या बात है मां आप आमरस नहीं खाती। क्या आपने आम फल भी छोड़ दिया है? हां.. ऐसा ही समझो। अरे! मां कितने फल छोड़ोगी। पहले ही तुम सीताफल, जामफल, रामफल नहीं खाती हो। नहीं मां.. आपको तो रस पीना ही होगा। पिताजी कितने चाव से आम लाते थे। रस बनवाते और पीते भी थे और आप जो आम नहीं खा रही हैं।आम तो फलों का राजा है।

**कहानी**

# दतुअन वाली बुढ़िया

तड़के सुबह गली में हमेशा की तरह बेसुरा आवाज में गला फाड़ती बुढ़िया मुखारी ले ला ओह्यह्यह्य मुखारी। रोज मेरी मीठी नींद टूट जाती , मन किया की बुढ़िया को डांट डपट कर कर भगा दूं कम से कम मेरे घर के सामने डंका ना दे । यह सोचकर भन्नाया हुआ घर से बाहर आया , बुढ़िया काफी दूर जा चुकी थी उसके सिर का बाल पक कर रेशम हो गया था । कमान की भांति झूका हुआ कमर ,मांस सिकुड़ कर मजा से लटका हुआ ,मलीन लिवास में लिपटी बुढ़िया ,मजा जमा देने वाली ठंड को चुनौती दे रही थी। उस बुढ़िया के कारण आज मेरा दुर्भाग्य रहा ,मैं अपने धर्मपत्नी के प्यार भरे चुम्बन से जो वंचित रहा । शादी को हुए अभी महज छ- माह ही हुआ था प्रभा मुझे रोज सुबह बेड टी के साथ एक प्यार भरे चुंबन पेश कर जगाती ।कभी-कभी आंख खुल जाने के बावजूद भी मैं आंख बंद कर बिस्तर पर पड़ा रहता ।

प्रभा जब बेडरूम में चाय लेकर आई तो बेड खाली था चाय का कप रख कर बाहर आई तो सामने मुझे देखकर मुस्कुराई ।उत्तर में मैं भी मुस्कुरा दिया ।परंतु कुछ क्षण बाद प्रभा के मुस्कुराने का मतलब समझ में आया तब मैं झेप गया । पल्लू से निकलकर अब जिम्मेदारी समझ में आई ,यही प्रभा का मतलब था । क्यों जनाब? मॉर्निंग वॉक पर जाना है अगर ऐसी बात थी तो कल से जल्दी उठा दिया करूंगी। मॉर्निंग वॉक का नाम सुनते ही मेरे तन बदन में कपकपी होने लगी । बाप रे बाप इस ठंड में मार्निंग वाक कहता हुआ अनायास दोनों हथेली को आपस में



रगड़ते हुए वापस बिस्तर में घुस गया ।प्रभा मेरे भोलेपन पर मुस्कुराती हुई मेरे पिचके गाल को चुटकी काटी और मटकती हुई कमरे से बाहर चली गई । प्रभा के इस हरकत ने मेरे सोचने का नजरिया ही बदल दिया, मन चंचल हो गया। ऐसी दशा में अक्सर रिकॉर्ड ऑन कर मुकेश का यह नगमा सुना देता चंदन सा बदन चंचल चितवन धीरे से तेरा ये मुस्काना ....। रिकॉर्ड ऑन किया चल अकेला --चल अकेलाह्यह्यह्य तेरा मेला पीछे छूटा राही .....जवानी नींद भर सोया .....। आवाज कमरे में कुंज गया लपक का रिकॉर्ड बंद किया ,प्रभा ना जाने कब से दरवाजे के पास खड़ी हंसी के मारे लोटपोट हो रही थी । यह उसी की शरारत थी पल भर के लिए प्रभा के प्रति गुस्सा आया मगर उसे डांट नहीं सकता क्योंकि उसकी नाराजगी मेरे लिए कष्टप्रद होता है इतना जरूर था कि मुकेश का यह नगमा मुझे कभी प्रिय थे परंतु आज मुझे खला नहीं ,शायद यह नगमा मेरे जीवन की कमजोरियों को उजागर कर सचाई व्यक्त कर रहा था । कोई आपकी हर कर्म का



समर्थन करता रहे तो अछा ,मगर आपकी बुराई का खुलासा करें तो अपना मुंह मिठू कर शर्मिंदा होने के बजाय तेवरियां चढ़ा लेते हैं ।सत्य हमेशा कड़वा होता है यही दशा मेरी थी ,दिन दुनिया से अलग धर्मपत्नी के पल्लू को अपना ठिकाना बना लिया था जहां से मैं निकलना नहीं चाहता ।

सही राह का अनुसरण मानव तब तक नहीं करता जब तक वह ठोकर ना खाले।

प्रभा मेरे करीब आ कर कहने लगी परेशान लग रहे हो, ---क्यों तबीयत ठीक नहीं है? मैं तो कहती हूं तुम रोज मॉर्निंग वॉक पर जाया करो फ्रेश रहोगे । एकाएक पूछ बैठा क्या तुम बैचलर लाइफ में मॉर्निंग वॉक को जाती थी। हां ।

तो अब क्यों नहीं जाती हो ।? तुम जाने का अवसर ही कब देते हो जनाब ।शरमाती हुई शिकायत की थी । उसके इस जवाब ने उसके प्रति मेरी नाराजगी दूर कर दिया । बात बदलते हुए कहा -- प्लीज मेरे कपड़े प्रेस कर दो आफिस को लेट हो जाऊंगा । आज संडे है जनाब इतना भी होश नहीं। वाकई में मेरा याददाश्त दिनों दिन ढीली होने लगी थी ,होता भी कैसे नहीं। प्रेम के आसक्त ने मेरा सोचने समझने का नजरिया ही बदल दिया था । कभी किसी बारे में सोचा नहीं सोचता तो सिर्फ इतना कि प्रभा को कैसे खुश रखा जाए ,उसे क्या चीज लाकर दूं जो वह मुझसे कभी रूठे ना ।

अर्धांगिनी द्वारा किसी वस्तु को पाने की ,की गई इछा , उसके पूर्ति के लिए स्वयं पर कर्ज का भार लाद कर झूठी शान बताने का चलन पुरुषों के स्वभाव में है ,एक दिन कर्ज का भार इस हद तक बढ़ जाता है की जीवन नईया डगमगाने लगता है ।परंतु हम दोनों के जीवन में ऐसा बुरा वक्त कभी नहीं आएगा मैं कर्ज लेकर प्रभा को झूठी स्वांग रचने ना दूंगा ,भगवान ना करें कि मुझे कर्ज लेना पड़े दफ्तर में अछा खासा ऊपरी कमाई है। इस लिए दफ्तर में पूरा दिन बैठकर इस गुणा-भाग में लगा रहता की किस काम से कितना रुपया लेना है ताकि प्रभा को उसके मनपसंद का सरप्राइज दे सकूं। धन की लालच और प्रेम की आसक्तता मनुष्य को इस हद तक अंधा बना देता है कि उसे वैभव और रुपसी के सुन्दर मुखड़ा के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता। शाम को गांव से मां -बाबू जी आ गये , दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की देखकर फूला नहीं समाये । और तरक्की के लिए भगवान से दुआ करने लगे। अपनी शान बताने आफिस का चपरासी को घर का काम काज के लिए बुला लिया, इससे मां बाबूजी के सामने मेरा एश्वर्य और बढ़ गया। भोर में किसी की आवाज कान से टकराई नींद खुल गया, बाहर आकर देखा तो वही दातुअन वाली बुढ़िया थी । मां उससे दतुअन ले रही थी आगे बढ़कर उसके सामने पांच रुपए का सिक्का बढ़ा दिया पूछा भी नहीं की कितना पैसा होगा पूछता तो शायद मेरे शान के खिलाफ होता । बुढ़िया सिक्का न ले कर मेरा चेहरा देखने लगी, मैं समझ गया , छोटे लोग कितना लालची और लोभी होते हैं पांच रुपए का सिक्का और निकाल कर देने लगा वह बड़े ही दीनता से बोली बाबू पैसा के बदला मा एक ठोम्हा चउर दे देते त अछा होतीस । मैं उसका मतलब नहीं समझ सका और छेड़ते हुए पूछा चावल काहे पैसा क्यों नहीं ? बाबू सब दातुन ला पैसा म दहां त दस रुपया ले जादा के नइ होय अउ चउर म कम से कम 2 किलो चाउर मिल्ही तभे तो तीन परानी के पेट चला पहां । उसकी बातें सुन कर उसके बारे में जानने की इछा हुई ।कहां ले आथस ? टारपाली रगड़ के दो कस भूइयां हे बाबू.....। अउ कभू बीमार पर जाबे ता ? बाबू संझा बिहिनिया के हवा लख रुपया के दवा ।उसकी आवाज मुझे कभी कर्कश लगती थी परन्तु आज मुझे उसकी वाणी मंत्र लग रहा था ।हृदय के किसी कोने में सुषुप्त दशा में पड़ा उदारता धीरे से जागने लगा था। मैं उसके विचारों के सामने अपने आप को बौना महसूस करने लगा था। बाबू पेंशन बर बाबू मन के चक्कर काटत राशन कार्ड गहना धरागे ,फेर हमर दूनो परानी के पेंशन नइ बनिस दूधोगे दूहनोगे । अब मुझमें कुछ पूछने की हिम्मत नहीं रही ।क्यों कि इसका गुनहगार मैं हूं आज तक जो भी कार्य किया स्वार्थ से किया ।घर के अंदर जाकर शेर भर चावल लाकर उसके सामने रख दिया ।अपने मास विहीन मुठ्ठी से दो बार निकाल कर अपने थैली में रख ली और चलते बनी । मैं देखता रह गया इतना परिश्रम के बाद एक मुठ्ठी चावल । और एक मैं जिसे सरकार पर्याप्त वेतन देने के उपरांत गरीबों से लूट - खसोट करता रहा । जी चाहा कि बुलाकर शेर भरचावल दे दूं।परंतु यह सोचकर रुक गया की उसकी दीनता का मजाक उड़ा कर अपने आप को नहीं सुधार सकता।

**सुरेश मानिकपुरी**
**खरसिया, रायगढ़**

**कहानी**

# अनूठा रिश्ता

रेल की गड़गड़ाहट के बीच डिब्बे मे बैठा रौनक अपने बीते दिनों को याद कर रहा था। आज वह बड़ा प्रसन्न था क्योंकि आज वह एक अनोखे रिश्ते को धरातल पर उतारने जा रहा था। बात उन दिनों की है जब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी आई डी बनाकर शुरुआत की। उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने मित्रों और अपने परिचितों को खोजना शुरू किया। उनकी पोस्ट देखना उसे बहुत पसंद आता था । इसी प्लेटफॉर्म पर एक दिन वंदना की एक पोस्ट पर नजर गई वह उसे बहुत पसंद आई। उसके विचारों से प्रभावित होकर उसने उसे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी । कई दिनों तक वह स्वीकार नहीं हुई तो रौनक ने विनम्रता से कहा कि मैं आपके विचारों से काफी प्रभावित हूं और आपकी मित्र श्रृंखला में शामिल होना चाहता हूं। अगर आपको अच्छा लगे तो हमें अपनी मित्रता सूची में जरूर शामिल कीजिए। कुछ दिनों बाद वंदना ने रौनक की मित्रता स्वीकार कर ली। कुछ सामान्य परिचय के बाद बातचीत बंद हो गई। परंतु वंदना के द्वारा की गई पोस्ट को रौनक हमेशा पढ़ता था और उसके विचारों पर अमल करता था। धीरे-धीरे उसके जीवन में कई बदलाव आने लगे । वह परोपकारी, दयावान, आस्थावान और विनम्र होने लगा था। जीवन में आए बदलाव को वह नोटिस करता था । उसने देखा की वंदना द्वारा की गई पोस्ट से प्रेरित होकर उसके विचारों में बहुत परिवर्तन हुआ है। उसने वंदना से बातचीत करना शुरू किया । उस समय वंदना कंपटीशन की तैयारी कर रही थी और इधर रौनक भी उसी कंपटीशन की तैयारी कर रहा था । इस बीच दोनों अपनी परीक्षाएं संबंधित चर्चा करने लगे और कहीं समस्याएं और प्रश्नों का समाधान आपस में पूछ कर हल करने लगे। इस तरह धीरे-धीरे उनकी दोस्ती और गहरी हो गई। परीक्षाओं के नजदीक होने से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बंद कर दोनों आपस में फोन पर ही तैयारी करने लगे । जिस व्यक्ति को कभी प्रत्यक्षत मिले नहीं लेकिन उनके विचार और अपनेपन से उन्हें कभी यह एहसास ही नहीं हुआ कि वह कभी मिले नहीं है। निरंतर अध्ययन और मेहनत से कंपटीशन में दोनों को सफलता प्राप्त हुई। दोनों बड़े प्रसन्न हुए। यह उनके जीवन की महत्वपूर्ण परीक्षा थी जिसे दोनों ने मिलकर और मेहनत करके सफलता हासिल की।

सफलता के बाद भी आपस में जुड़े रहे । कभी-कभी बातचीत होने लगी । पारिवारिक समस्याओं में दोनों उलझ गए। वंदना ने इस मित्रता को रिश्ते में बदलने की सोची उसने रौनक से कहा कि मैं आपको अपना भाई मानती हूं और इस बार राखी पर आपसे मिलकर आपको राखी बांधना चाहती हूं। इस बात से रौनक अत्यधिक प्रसन्न हुआ और उसने वादा किया कि इस राखी वह अपनी बहन को खुद राखी बंधवाने आएगा । फैरी वाले की आवाज से रौनक का ध्यान टूटा।

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही आईटीसी सहित दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवावी हावी रहने से आयी है। ये लगातार दूसरा दिन है जब बाजार में गिरावट आई है। गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 239.31 अंकों 0.29 फीसदी नीचे आकर 81,312.32 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.75 अंक तकरीबन 0.30 फीसदी नीचे आकर 24,752.45 अंकों पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 11 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए जबकि अन्य 25 कंपनियों के शेयर नीचे आये हैं। निफ्टी की केवल 16 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर रहे। वहीं अन्य सभी 34 कंपनियों के शेयर नीचे आये हैं।

सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा 1.05 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि आईटीसी के शेयरों में 3.13 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। इसके अलावा एयरटेल व एनटीपीसी के शेयरों में भी हल्की गिरावट रही।




सेंसेक्स में शामिल भारती एयरटेल के शेयर 0.58 फीसदी, एनटीपीसी 0.41 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.41 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.28 फीसदी, एसबीआई 0.27 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.15 फीसदी, इंफोसिस 0.14 फीसदी, एचसीएल टेक 0.09 फीसदी, लार्सन एंड टुब्रो 0.04 फीसदी और टीसीएस के शेयर 0.03 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि इंडसइंड बैंक के शेयर 1.92फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.80फीसदी, नेस्ले इंडिया 1.77फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.41फीसदी, पावरग्रिड 1.19फीसदी, एशियन पेंट्स 1.11फीसदी, सनफार्मा 1.01फीसदी, टेक महिंद्रा 0.95फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.91फीसदी, मारुति सुजुकी 0.83फीसदी, रिलायंस 0.62फीसदी, टाइटन 0.61फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.51फीसदी, टाटा स्टील 0.25फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.18फीसदी, एक्सिस बैंक 0.09फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.08फीसदी और एटरनल (जोमेटो) के शेयरों में 0.04फीसदी की गिरावट रही।

इससे पहले आज सुबह बाजार ?गिरावट के साथ खुले। निफ्टी-50 24,832 अंक पर लगभग सपाट खुला। जबकि बीएसई सेंसेक्स 100 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 81,457 पर खुला। वहीं एशियाई बाजारों में तेजी देखने को मिली। यह तेजी वॉल स्ट्रीट में बढ़त के चलते आई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से यूरोपीय संघ के आयात पर 50 फीसदी टैरिफ की समय सीमा को 9 जुलाई तक बढ़ाए जाने के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार हुआ। निक्केई में 0.69 फीसदी की वृद्धि हुई। । कोस्पी में 1.42 फीसदी की वृद्धि हुई और एएसएक्स 200 में 0.4 फीसदी की वृद्धि हुई। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार अमेरिका में रात भर तीनों प्रमुख इंडेक्स मजबूती के साथ बंद हुए। डॉव जोन्स में 1.78 फीसदी का उछाल आया। एसएंडपी 500 में 2.05 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई और नैस्डैक कंपोजिट में 2.47 फीसदी का उछाल आया।

# सोने का भाव 95,300 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी लगभग 98,000 रुपए

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत बुधवार के कारोबारी ?दिन तेजी के साथ हुई। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के भाव 95,300 रुपये, जबकि चांदी के भाव 98,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नरमी,जबकि चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 144 रुपये की तेजी के साथ 95,287 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव




95,143 रुपये था। इस समय यह 157 रुपये की तेजी के साथ 95,300 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 274 रुपये की तेजी के साथ 97,749 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 97,475 रुपये था। इस समय यह 506 रुपये की तेजी के साथ 97,981 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव में नरमी और चांदी के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,300.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,300.40 डॉलर प्रति औंस था।

इस समय यह 3.20 डॉलर की गिरावट के साथ 3,297.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव पिछले महीने 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.38 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.31 डॉलर था। इस समय यह 0.10 डॉलर की तेजी के साथ 33.41 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# रुपया बढ़त पर बंद




**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ ही 85.38 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह विदेशी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी की वजह स रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में 23 पैसे टूटकर 85.63 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि महीने के अंत में निर्यातकों एवं बैंकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने से स्थानीय मुद्रा दबाव पड़ा। वहीं घरेलू शेयर बाजारों में मिश्रित धारणा के बीच विदेशी निधि प्रवाह भी धीमा रहा। इसके अलावा निवेशक घरेलू एवं वैश्विक वृहद आर्थिक आंकड़ों से संकेत की प्रतीक्षा में सतर्क हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.59 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 85.71 प्रति डॉलर पर लुढ़क गया। इसके बाद वह डॉलर के मुकाबले 85.63 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 23 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 85.40 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.30 फीसदी की बढ़त के साथ 99.72 पर रहा।



शहर में आज शाम बारिश हो जाने से दिनभर की उमस और गर्मी से लोगों ने राहत महसूस की।

## महाराजा छत्रसाल की जयंती आज मनेगी

**इंदौर।** बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल की 376वीं जयंती 29 मई गुरुवार को सर्व राजपूत समाज द्वारा मनाई जा रही है। इस अवसर पर महाराजा छत्रसाल चौराहा (बाम्बे अस्पताल) स्थित उनकी प्रतिमा पर सुबह 9 बजे एक सभा का आयोजन किया गया है एवं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## क्रेन ने ली बुजुर्ग की जान, सड़क पार करते समय रौंदा, चालक फरार



**इंदौर।** बड़ा गणपति इलाके में तेज रफ्तार क्रेन ने सड़क पार कर रहे 85 वर्षीय बुजुर्ग को बुरी तरह रौंदकर उनकी जान ले ली। हादसे के बाद लोगों ने क्रेन को वहीं रोक लिया, लेकिन ड्राइवर मौका पाकर फरार हो गया। मल्हारगंज पुलिस के अनुसार, जनता कॉलोनी निवासी लक्ष्मीचंद पिता चुन्नीलाल (85) मंगलवार को बड़े गणपति क्षेत्र में स्थित एक दुकान पर चाय पीने के बाद घर लौट रहे थे। जैसे ही वह सुभाष स्कूल के गेट के पास सड़क पार कर रहे थे, तभी क्रेन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, क्रेन का अगला पहिया लक्ष्मीचंद के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन को जब्त कर लिया गया। लक्ष्मीचंद के बेटे पुरुषोत्तम की शिकायत पर ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

## अभा क्षत्रिय महासभा आज निकालेंगी शौर्य यात्रा

**इन्दौर ।** बाणगंगा स्थित महाराणा प्रताप खेल संकुल से अभा क्षत्रिय महासभा द्वारा आज 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। ऋषभ संतोष सिंह गौर और डॉ. भरत सिंह राठौड़ के अनुसार शौर्य यात्रा करीब 40 साल से निकाली जा रही है। युवा राजपूत सम्राट सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तय किया है कि इस वर्ष भी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा निकाली जाने वाली इस शौर्य यात्रा में बड़ी संख्या में सेना के कार्यकर्ता महाराणा प्रताप के जयकारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान करेंगे। यात्रा प्रभारी राजू सिंह मौर्य, अध्यक्ष कल्याणसिंह तोमर और गोविंदसिंह सिसोदिया ने बताया कि शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर महाराणा प्रताप खेल संकुल बाणगंगा में युवा राजपूत सम्राट सेना व संतोष सिंह गौर मित्र मंडल ने बैठक आयोजित की। इसमें शामिल पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि अभा क्षत्रिय महासभा द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में 29 मई को निकाली जाने वाली शौर्य यात्रा में सेना के कार्यकर्ता और समाजजन शामिल होंगे और जगह-जगह पर मंचों से कार्यकर्ताओं का स्वागत भी किया जाएगा।

## कलेक्शन मैनेजर और साथी पर हमला, पुलिस ने आरोपियों पर किया केस दर्ज

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** चार से ज्यादा लोगों ने कलेक्शन मैनेजर और उसके साथी के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। विजय नगर पुलिस के अनुसार, आयुष यादव निवासी न्यू देवास रोड, सतगुरु परिणय बिल्डिंग स्थित एक कार्यालय में कलेक्शन मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 26 मई को ऑफिस में टेली कॉलर का काम करने वाली एक युवती के बॉयफ्रेंड मनीष और ऑफिस स्टाफ विशाल ठाकुर के बीच फोन पर बहस हो गई थी। शाम को युवती ऑफिस से चली गई। आरोप है कि रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने बॉयफ्रेंड मनीष और अन्य युवकों के साथ ऑफिस की पार्किंग में पहुंची। उस समय आयुष, विशाल और कुछ अन्य लोग वहीं मौजूद थे। युवती ने विशाल से सवाल किया कि उसने मनीष से क्या कहा था। जवाब में विशाल ने कहा कि मनीष को अपने पर्सनल मुद्दे ऑफिस में नहीं लाने चाहिए, ये बातें बाहर सुलझाई जानी चाहिए। इस पर मनीष और उसके साथियों ने विवाद शुरू कर दिया। जब आयुष और अन्य ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। हमले के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मंगलवार को दोनों के बयान दर्ज करने के बाद मनीष, राधे, साउद और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## शिलांग घूमने गए दंपती नहीं मिले , बारिश के कारण शिलांग पुलिस ने सर्चिंग रोकी

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** हनीमून पर मेघालय के शिलांग घूमने गए इंदौर के दंपती 6 दिन से लापता हैं। मेघालय पुलिस उनकी तलाश में जुटी है और सर्चिंग अभियान चला रही है, लेकिन उनका कोई सुराग अब तक नहीं मिल सका है। पुलिस ने उनकी तलाश में मंगलवार रात तक सर्चिंग अभियान चलाया। इसके बाद बुधवार को फिर उनकी तलाश में सर्चिंग अभियान चलाया, लेकिन तेज बारिश के कारण रोक दिया गया। 20 मई को हनीमून मेघालय गए ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी 23 मई को शिलांग के सोहरारिम इलाके में लापता हो गए थे। इसी दिन यहां के ओसरा हिल्स के पास दंपती की लावारिस बाइक मिली थी। संपर्क टूटने के बाद सोनम के भाई गोविंद ने गूगल सर्च कर बाइक रेंट पर देने वाले की जानकारी निकाली थी। दंपती की बाइक सोहरारिम में मिली। ये जगह दुनिया के सबसे अधिक बारिश वाली जगहों में से एक है, जो चेरापूंजी के नाम से लोकप्रिय है। मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स के एसपी विवेक सिएम ने बताया कि दलापता राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम की तलाश के लिए 50 से ज्यादा लोगों की टीम बनाई गई है। हर टीम में 10 लोग हैं, जिनमें गांव के लोग और विलेज डिफेंस पार्टी के सदस्य भी शामिल हैं।बुधवार को सर्चिंग के लिए और लोगों को लगाया गया, लेकिन बारिश के कारण परेशानियां आने के चलते रोकना पड़ा।



# थोड़ी सी बारिश में ही सिंगापुर अंडरपास पर लगा जाम

**इन्दौर ।** .सिंगापुर अंडरपास रेलवे विभाग द्वारा जो कार्य चल रहा था उसके उपरांत रेलवे विभाग में चालू कर दिया है लेकिन आज की बारिश मेंआमजन की समस्या को विकराल रुप दे दिया।

अंडरपास में एक फिट तक पानी जमा हो गया है और ए. बी रोड पर भी जाम लगा हुआ है उसके चलते अंडर पास की स्थिति बहुत ही भयावह हो गई है, आम नागरिको को समस्या हो रही है दो पहीया वाहन को ज्यादा परेशानी हो रही है । आगे बारिश आने वाली है आम जनता का क्या हाल होगा। मध्यप्रदेश में नौतपा के चौथे दिन भी आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। बुधवार को इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम, शाजापुर, खरगोन, राजगढ़, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और धार समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ जमकर बारिश हुई।

रतलाम में शाम को तेज हवाओं के साथ इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर पानी बह निकला। निचले इलाकों में पानी भर गया।

रतलाम के जावरा में तो सड़कें जलमग्न हो गई। जिले के सैलाना में भी पानी गिरा है। नरसिंहपुर जिले में बुधवार को कृषि उद्योग समागम का समापन दिवस था। बारिश होने से आयोजन स्थल पर कीचड़ हो गया, जिससे कई वाहन पार्किंग में फंस गए। जिन्हें ट्रैक्टर की मदद से निकाला गया।

शाजापुर जिले के अकोदिया के सलसलाई में आंधी तूफान और बारिश से हाट बाजार में लगे दुकानदारों के तंबू उड़ गए। दुकानों में रखी सामग्री गीली हो गई। तेज हवा के कारण बिजली के तार टूट गए। देवास में इंदौर-भोपाल रोड पर तेज बारिश और आंधी से पेड़ गिर गया, जिससे 20 मिनिट के करीब जाम लगा रहा।

### एमपी में इसलिए ऐसा मौसम..

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि मध्यप्रदेश के आसपास दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। वहीं, एक ट्रफ प्रदेश से होकर छत्तीसगढ़ की ओर जा रही है। इस वजह से प्रदेश में आंधी-बारिश वाला मौसम है। आने वाले 3 दिन यानी, 31 मई तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

# दो पक्षों में विवाद जमकर हुई मारपीट

## दोनों पक्षों ने एक – दूसरे पर लगाए आरोप, केस दर्ज

**इंदौर (नगर संवाददाता)। दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जिसमें जमकर मारपीट हुई। मामला पुलिस तक पहुंचा तो दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए। बाणगंगा पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि विवाद न्यू भवानी नगर में हुआ। यहां विशाल पिता ब्रजमोहन ओझा की दुकान की हैं।**

विशाल की शिकायत पर आरोपी राहुल पिता रामलाल सोलंकी, पारस पिता विजयपाल चौहान, विकास पिता राम कुशवाह, भोला पिता सुमित नारायण पाठक व जीवन पिता दौलतराम राठौर सभी निवासी भवानी नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मेरी दुकान पर राहुल, पारस और विकाश आये और गुटके का पाउच मांगा और पाउच के पैसे नहीं दिए तो मैंने बोला कि तुम लोग पाउच के पैसे दो तो इसी बात को लेकर तीनो मुझे गालियां देने लगा, मैंने गालियां देने से मना किया तो विकास ने मुझे डंडे से मारा जो मेरे सिर मे चोट आयी और राहुल और पारस ने ईट से मुझे मारा बाद मे उसके दोस्त भोला और जीवन आ गये और भोला ने भी ईट से मुझे मारा और जीवन ने लठ्ठ से मुझे मारा जिससे मुझे सिर में खून आने लगा मैं चिल्लाया तो मेरी मां और मेरा छोटा भाई आ गये तो इन लोगों ने मेरे भाई से मारपीट किया मेरे घर का बिजली का मीटर तोड दिया व मेरे दरवाजे पर भी पत्थर मारकर ताड़ दिया।

जबकि दूसरे पक्ष की तरफ से राहुल पिता रामलाल सोलंकी की शिकायत पर विशाल ओझा के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं। राहुल ने पुलिस को बताया कि मेरा दोस्त विकास, भोला, जीवन और पारस को साथ लेकर पुराने विवाद का राजीनामा करने के लिये विशाल ओझा के घर पर गये थे तो विशाल ओझा अपनी दुकान पर बैठा था मैने कहा कल की बात को भूलकर अपन लोग आपस मे समझौता कर लेते हैं तो इतने मे



विशाल भडक गया समझौता करने से मना कर दिया और हमको गालियां देने लगा। मैने गालिंयां देने से मना किया तो हम लोगों के ऊपर पत्थर मारने लगा जिससे मेरे सिर पर बाई तरफ व मेरे साथी विकास कुशवाह के सिर मे बाई तरफ और पारस को सीने पर पत्थर लगे।

### जगह-जगह पर खून के रिश्तों में हुआ विवाद

दो स्थानों पर कलयुगी बेटों ने पत्नियों के साथ मिलकर मां को पीटा

इधर शहर में खून के रिश्तों में विवाद के मामले सामने आए हैं। दो स्थानों पर तो कलयुगी बेटों ने अपनी पत्नियों के साथ मिलकर मां को पीट दिया। सभी मामलों में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है। स्कीम 51 निवासी भगवती देवी पति गोविंद जादौन की शिकायत पर पुलिस ने बहू रजनी और बेटे सूरज के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि मेरी बड़ी बहू रजनी ने पीछे जाने के रास्ते मे ताला लगा दिया था। मैंने मेरी बहू रजनी से ताला खोलने का बोला तो मुझे रजनी व उसका लड़का सूरजसिंह जादौन गालियां देने लगे तो मैने दोनों से गालियां देने से मना किया तो मुझे झूठे केस मे फंसवाने की व जान से मारने की धमकी दी है।

इसी प्रकार भूरी बाई पति चम्पालाल निवासी टिगरिया बादशाह की रिपोर्ट पर पुलिस ने उसके बेटे नितिन और बहू लक्ष्मी के खिलाफ केस दर्ज किया हैं।महिला ने पुलिस को बताया कि मेरे बीच वाले बेटे नितिन ने मुझसे बोला कि मुझे एक फीट जमीन ज्यादा चाहिये तो मैने मना कर दिया तो इसी बात को लेकर मेरा बेटा नितिन व बहू लक्ष्मी दोनो मुझे गालियां देने लगे। मैंने गालियां देने से मना किया तो बहू लक्ष्मी ने मुझे पकड़ लिया तथा नितिन ने लोहे की पाईप से मुझे मारा जिससे मेरे माथे पर व बाये हाथ मे चोट लगी तभी मेरा छोटा लड़का संदीप बीच बचाव करने आया तो उसे भी नितिन ने व उसकी पत्नी लक्ष्मी ने लोहे के पाइप व डंडे से मारा। दूसरे मामले में

### मामा-भांजे पर किया हमला

वहीं शराब पीने के लिए रुपए न देने पर अड़ीबाज बदमाशों ने एक युवक और उसके मामा पर हमला कर दिया। राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक अड़ीबाजी की वारदात गत रात न्यू बीजलपुर में हुई। पुलिस ने फरियादी आदर्श पिता चंद्रमा पांडे मूल निवासी पांडेसरा सूरत सिटी गुजरात हाल मुकाम सिलीकान सिटी की रिपोर्ट पर आरोपी यश , बल्लू, आनंद, प्रिंस और गट्टू निवासी भीम नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने मामा के साथ बाइक पर जा रहा था तभी आरोपियों ने उसे शिव मंदिर के सामने भीम नगर में देर रात को रोका और आड़ीबाजी कर शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगे। मेरे मामा ने आरोपियों को रुपए देने से मना किया तो आरोपियों ने गालियां दी। उन्होंने अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया। सभी मिलकर हमें गालियां देते हुए लातमुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर आरोपी भाग गए। जाते-जाते धमकाया कि आइंदा हमें शराब पीने के लिए रुपए नहीं दिए तो जान से खत्म कर देंगे।

### बाइक वापस मांगने पर सिर फोड़ा

युवक ने अपने परिचित से अपनी बाइक वापस लेने पहुंचा तो परिचित ने गाड़ी लौटाने से मना करते हुए युवक पर लोहे के पाइप से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। राऊ पुलिस ने संजय नगर निवासी चंद्र शेखर पिता बाबूलाल चौहान की रिपोर्ट पर क्षेत्र में ही रहने वाले अनिल पिता चेन सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया हैं।

फरियादी ने पुलिस को बताया कि मै अनिल चौहान के पास मेरी मोटर सायकल मांगने के लिये गया था तो अनिल ने मुझे मोटर सायकल देने से मना कर दिया।वह मुझे गालियां देने लगा। जब मैंने गालियां देने से मना किया तो अनिल ने मुझे लोहे के पाइप से मारकर सिर में चोट पहुंचाई।

## कोचिंग की छात्रा से छेड़छाड़ कर परेशान करने वाले दो मुस्लिम युवकों को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया पुलिस के हवाले

### ब्रीफ न्यूज़

### एनसीसी कैडेट्स ने भ्रमण में जानी शहर की ऐतिहासिक विरासत



**इन्दौर ।** कोचिंग क्लास में पढ़ने वाली लड़कियों को टारगेट बनाने वाले दो मुस्लिम लव जिहादियों को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। ये दोनों नगर निगम स्थित एक कोचिंग क्लास के बाहर महंगी गाड़ियां लेकर खड़े रहते थे। जैसे ही लड़कियां बाहर निकलतीं उनमें से हिंदू लड़कियों का पीछा कर छेड़छाड़ करने के साथ उन पर दोस्ती करने का दबाव बनाते थे। कल जब इन्होंने एक हिंदू छात्रा के साथ भी छेड़छाड़ की कोशिश की तो उसने इसकी सूचना बजरंग दल कार्यकर्ता को दे दी जिसके बाद बजरंग दल कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और दोनों लव जिहादियों को पकड़कर जमकर पहले तो उनकी पिटाई की, फिर थाने ले जाकर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार सदर बाजार निवासी 18 वर्षीय युवती की शिकायत पर आरोपी शाजिब शेख और अनस के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि वह कक्षा 12वीं की छात्रा है और नगर निगम स्थित कोचिंग क्लास जाती है। जहां आरोपी शाजिब और अनस करीब 2-3 महीने से बाहर आकर खड़े रहते थे।

शाजिब ने कोचिंग से उसका नंबर ले लिया और बार-बार कॉल करके फर्जी नाम बताकर दोस्ती की फिर कुछ दिन बाद अपना सही नाम बताया। वह रोजाना अलग अलग गाड़ियां लेकर कोचिंग क्लास आ जाता था। और उसके बाहर निकलते ही उसके साथ हरकत करता और हाथ पकड़कर जबरदस्ती गाड़ी पर बैठा लेता था। उसकी बात नहीं मानने पर हत्या की धमकी देता था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जब उसने शाजिब की हकीकत जान उससे बात करना बंद की।

तो उसका साथी अनस फोन कर शाजिब से बात करने का दबाव बनाने लगा। 25 मई की शाम शाजिब ने उसे कॉल कर गालियां दीं। उनकी इन हरकतों से तंग आकर उसने सारी बात अपनी फ्रेंड्स को बताई। शाजिब ने फिर फोन कर मिलने आने को कहा।

### आरोपी पर पहले से दर्ज हैं 5 प्रकरण ...

# मोहसिन खान पर एक और केस दर्ज

### रायफल और किट के नाम पर छात्र के पिता से लिए रुपए

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** शूटिंग एकडेमी कोच मोहसिन खान के खिलाफ अन्नपूर्णा पुलिस ने एक और केस दर्ज किया है। उसके खिलाफ पहले से दुष्कर्म, छेड़छाड़, धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में पांच केस दर्ज हैं। अब छठवी एफआईआर नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र के पिता ने दर्ज कराई है, जिनसे मोहसिन ने बच्चे के लिए अच्छी रायफल और किट खरीदने के नाम पर 1 लाख 40 हजार रुपए ले लिए थे। मोहसिन खान जहां रिमांड पर चल रहा है वहीं उसके ठगी के शिकार लोग एक के बाद एक सामने आ रहे हैं। अन्नपूर्णा थाना प्रभारी अजय नायर ने बताया कि द्वारकापुरी क्षेत्र में रहने वाले एक पीड़ित थाने आए जहां उन्होंने बताया कि उनका बेटा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एरोड्रम रोड पर 9वीं कक्षा में पढता है। उक्त स्कूल में शाहिद अंसारी स्पोर्ट्स शिक्षक हैं। उन्होंने कहा कि उनका मित्र मोहसिन खान की शूटिंग एकेडमी सिल्वर आक्स कालोनी में है वह अपने बेटे को ट्रेनिंग हेतु वहां भेज दें वह उनके पुत्र को नेशनल शूटिंग में मेडल दिलवा देगा। इस पर वे मोहसिन से मिलने उसकी एकेडमी में पहुंचे दरिंदे मोहसिन ने उनके बेटे को नेशनल गेम में पहुंचाने के सपने दिखाए और फिर कहा कि उसे वहां पहुंचाना चाहते हो तो उसके लिए अ%छी बंदूक व किट दिलानी होगी। इस पर पीड़िता ने कहा कि वे कौन सी ब्रांड की बंदूक व किट उसे दिला दें तो दरिंदे ने उनसे कहा कि आपको समझ नहीं आएगा आप मुझे एक लाख 40 हजार रूपए दे दो मैं बंदूक और किट लाकर आपके बेटे को दे दूंगा। इस पर उन्होंने उसे उक्त राशि वहीं एकेडमी मे दे दी वहीं हर महीने फीस के रूप में 8 हजार 600 रूपए भी उसने एडवांस ले लिए। रूपए देने के बाद उन्होंने मोहसिन से कहा कि बेटे को कब से एकेडमी में भेंजू तो वह कहने लगा कि बंदू और किट आ जाए इसके बाद भेज देना। कई बार उससे संपर्क किया लेकिन हर बार वह टालमटोल करता रहा जब रूपए मांगे तो वह भी नहीं लौटाए लेकिन जब मीडिया में उसकी कारगुजारी की खबरें पढी तो उन्होंने हि मत जुटाई और फिर रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे। पीड़ित की शिकायत पर मोहसिन पर धोखाधड़ी का एक और प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## वृद्ध से की लाखों की धोखाधड़ी

**इंदौर।** एक वृद्ध के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने इंपोर्ट-एक्सपोर्ट के बिजनेस में पार्टनर बनाने का झांसा देकर रुपए ले लिए, जो बाद में वापस ही नहीं किए। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, मानसरोवर नगर निवासी 60 वर्षीय सुरेशचंद्र तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई है कि आकर्ष उर्फ कवि गुलाटी निवासी चिकित्सक नगर ने उन्हें बिजनेस में मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर करीब 24.5 लाख रुपए हड़प लिए। सुरेश तिवारी के अनुसार, आरोपी ने उन्हें बताया था कि उसकी फर्म रजिस्टर्ड है और वह इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करता है। तिवारी ने पुलिस को बताया कि आरोपी उनकी बेटी का मित्र है और उसी के माध्यम से परिचय हुआ था। आरोपी ने पहले बेटी को साझेदार बनने का प्रस्ताव दिया और कहा कि लोकल डीलर बनने के बाद व्यापार अच्छा मिल जाएगा। फिर उसके पिता सुरेश तिवारी को बिजनेस में पैसा लगाने को कहा। आरोपी ने वादा किया था कि हर महीने दो से ढाई लाख रुपए का मुनाफा मिलेगा। सुरेश तिवारी ने आरटीजीएस के जरिए 21 लाख, एनईएफटी से 50 हजार और नकद में 3 लाख रुपए आरोपी को दिए। जनवरी 2023 से बिजनेस लेन-देन की शुरूआत हुई, लेकिन आरोपी लगातार माल भेजने का वादा कर टालता रहा। तीन महीने बीतने के बाद जब तिवारी ने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी ने एक बार फिर बहाना बनाकर अप्रैल में रकम लौटाने का भरोसा दिया, जो कि पूरा नहीं हुआ।

## ओखा-बनारस एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल के स्थान पर गोविंदपुरी रूकेगी

**रतलाम।** यात्रियों की सुविधा एवं परिचालनिक कारणों को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 22969 ओखा बनारस एक्सप्रेस के ठहराव में परिवर्तन किया जा रहा है। यह कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के स्थान पर गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पर रूकेगी। 31 जुलाई, 2025 से ओखा से चलने वाली गाड़ी संख्या 22969 ओखा बनारस एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल के स्थान पर गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पर रूकेगी। इस ट्रेन का गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पर आगमन प्रस्थान 19.20/19.25 बजे होगा। इसके अतिरिक्त इस ट्रेन के आगमन/प्रस्थान समय, कोच कंपोजिशन, ठहराव आदि में अन्य कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## दो दिवसीय समर कैंप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, जावरा रोड, गौरव पैलेस कॉलोनी, भाग्योदय भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम



**रतलाम।** दो दिवसीय समर कैंप के समापन समारोह में बच्चों को आत्मविश्वास और रचनात्मकता के प्रति जागरूक रहने के प्रेरक संदेश दिए गए। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, जावरा रोड, गौरव पैलेस कॉलोनी, भाग्योदय भवन के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीमा अग्निहोत्री, जिला समन्वयक (आनंद विभाग) तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बहन ने कहा, अध्यात्म और नैतिकता के आनंदमय वातावरण में आपका मन सक्रिय रहेगा, जिससे आपका जीवन बदल सकता है। आप वास्तव में भाग्यशाली हैं कि आपने इस कैंप का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त किया है। अगर आप श्रेष्ठ इंसान बनना चाहते हैं तो वह कार्य, जिसे आप पसंद करते हैं, उसे पूरी लगन और ईमानदारी से अंजाम दें। कार्यक्रम की शुरुआत सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी मनोरमा दीदी द्वारा संस्था का परिचय और स्वागत संबोधन से हुई। विशेष अतिथि बहन पुष्पेंद्र सिसोदिया (आनंद विभाग मास्टर ट्रेनर) ने बच्चों के लिए जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ संचालित कीं। बहन सोनाली पाल ने भी बच्चों को अनेकानेक रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, 17 वर्षों से ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की नियमित विद्यार्थी, आसाम कुंभीग्राम से पधारी समाज सेविका बहन सरिता ओझा ने बच्चों के लिए उपयोगी टिप्स साझा किए। दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्वेता सोनगरा द्वारा भी अपने अनुभवों से बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। आए हुए अतिथि का तिलक, अक्षत एवं माला से स्वागत पूजा बहन एवं मंजुला बहन द्वारा किया गया। समारोह में भाग लेने वाले विजेता बच्चों को अतिथियों द्वारा पारितोषिक प्रदान करते हुए, सभी बच्चों को उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन बहन धर्मा कोठारी ने किया और अंत में ब्रह्माकुमारी आरती बहन ने आभार व्यक्त किया। इस समापन समारोह ने न केवल शैक्षिक और रचनात्मक गतिविधियों का महत्त्व रेखांकित किया, बल्कि बच्चों में नैतिकता और आत्मनिर्भरता के प्रति उत्साह भी बढ़ाया।

## जिले की 135 ग्राम पंचायत में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक

**रतलाम।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला रतलाम द्वारा बताया गया है कि मध्य प्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन खरीफ पूर्व 29 मई 2025 से 12 जून तक किया जाएगा। अभियान अंतर्गत कृषि पशुपालन उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा केंद्रीय योजना एवं मध्य प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गई नवीन उन्नत कृषि तकनीकियों तथा कृषकों द्वारा कृषि में किया जा रहे नवाचारों की जानकारी स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारी, कृषि उद्यमी एवं प्रगतिशील कृषकों द्वारा कृषको को दी जाएगी। जिले की 135 ग्राम पंचायत में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत 29 मई से 12 जून तक शिविर आयोजित किए जा रहें है। शिविरो के सफल संचालन के लिए सभी ग्राम पंचायतो के लिए नोडल अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी, उद्यानिकी विस्तार अधिकारी, क्षेत्र विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। किसान भाई अभियान में सम्मिलित होकर कृषि की नवीन तकनीकियों नवाचारों योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करें। अभियान का शुभारंभ केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्चुवल माध्यम से 29 मई को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम रतलाम कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष रतलाम में आयोजित होगा।

## पूर्वोत्तर रेलवे में ब्लॉक के कारण ट्रेने प्रभावित

**रतलाम।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के गोंडा-बाराबंकी रेल खंड में तीसरी लाइन हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेने प्रभावित होगी। प्रभावित ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है-- 29 जून, 2025 को ओखा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15046 ओखा गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बाराबंकी-अयोध्या कैंट- मनकापुर चलेगी। 29 जून, 2025 को बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्या 22921 बान्द्रा टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 01 जुलाई, 2025 को गाड़ी संख?या 22922 गोरखपुर बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से चलेगी।

## 9601 उदयपुर सिटी-न्यू जलपाई गुड़ी एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के चंदेरिया रेलवे स्टेशन पर ठहराव के साथ गुजरने वाली गाड़ी संख्या 19601 उदयपुर सिटी - न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल के दिल्ली सरायरोहिल्ला रेलवे स्टेशन क्षेत्र में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 26 जुलाई, 2025 को उदयपुर सिटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 19601 उदयपुर सिटी - न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया पटेल नगर- दया बस्ती- दिल्ली किशनगंज-दिल्ली चलेगी।

# सडक सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**रतलाम।**

सडक सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर राजेश बाथम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, आयुक्त नगर निगम, कार्यपालन यंत्री, आरटीओ, सीएमएचओ, एसडीएम, नगरीय निकाय सीएमओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने एक्सप्रेस-वे एवं अन्य सडकों के सम्बन्ध में निर्देशित किया जिन स्थानों पर दुर्घटनाएं अधिक घटित हो रही है, उन स्थानों का संबंधित एसडीएम, आरटीओ, टी आई, संबंधित सड़क एजेंसी के प्रतिनिधि संयुक्त निरीक्षण कर दुर्घटना रोकने के लिए कार्यवाही करें। साथ ही रोड पर स्थित साईन बोर्ड पर रेडियम लगाए जाएं जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना न करना पडे और व्यवस्थित रुप से आवागमन हो सके। कलेक्टर ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि ओवरलोडिंग वाहनों पर संबंधित थाने ध्यान दे, उनका चालान बनाएं और ओव्हरलोडिंग पाए जाने पर वाहन चालक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। बैठक में आरटीओ को निर्देशित किया कि स्कूली वाहनों की फिटनेस एवं अन्य सुरक्षा संबंधित व्यवस्थाओं की चेकिंग सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाईन के अनुसार की जाए और वाहन चालकों का भी आई टेस्ट किया जाए। बैठक में हिट एण्ड रन केस की समीक्षा की गई। बीमा कंपनी द्वारा क्लेम भुगतान में दी जा रही क्यूरी के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्णय लियें गये। लेबड-जावरा फोरलेन मार्ग पर ग्राम सिमलावदा, ग्राम धराड़, सतरूण्डा चौराहे पर रंबल पर मार्किंग पेन्ट करवाया जाए। आवारा कुत्तों के अचानक सड़क पर आ जाने से भी सड़क दुर्घटनाए



हो जाती हैं दुर्घटना रोकने के लिए सभी सीएमओ नगरीय निकाय अपने अपने क्षेत्र में कुत्तों की संख्या नियंत्रण करने के लिए कुत्तों की नसबंदी की कार्यवाही करवाये। निराश्रित गौवंश सड़क पर विचरण नहीं करे, इसके लिए सभी नगरीय निकाय सीएमओ एवं सीईओ जनपद अभियान चला कर कार्यवाही करें तथा गौवंश को संबंधित क्षेत्र की गौशालाओ मे भेजें।

### राहवीर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राहवीर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। परिवहन विभाग द्वारा जारी योजना के अंतर्गत गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल तक पहुंचने वाले व्यक्ति को 25000 रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना उपरांत 1 घंटे के भीतर घायल व्यक्ति को उपचार उपलब्ध करवाना, तथा ऐसे व्यक्ति राहवीर जो दुर्घटना के ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाते हैं उन्हें विधिक सुरक्षा और प्रोत्साहन उपलब्ध कराना है । इसका लाभ मुख्य रूप से ऐसे घायलों के मामले में जिनमें स्पाइनल सर्जरी, ब्रेन सर्जरी, गंभीर सर्जरी आदि की आवश्यकता होने पर दिया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना पीड़ित का नगदी रहित उपचार योजना

परिवहन विभाग मध्य प्रदेश शासन से जारी निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना में पीड़ित लोगों को राशी रुपए डेढ़ लाख तक का मुफ्त उपचार कराए जाने की योजना प्रारंभ की गई है।

इस संबंध में सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को प्रथम एक सप्ताह तक गंभीर रूप से उपचार कराए जाने हेतु नाम निर्दिष्ट अस्पताल में भर्ती रखकर अधिकतम एक सप्ताह उसकी स्थिर स्टेबल होने तक उपचार करने पर संबंधित अस्पताल को राशि जारी की जाएगी। इस प्रकार अचानक दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को उपचार हेतु राशि के अभाव में परेशान नहीं होना पड़ेगा। नाम निर्दिष्ट अस्पताल को राज्य स्वास्थ्य अभिकरण द्वारा अनुमोदन कर राशि जारी की जाएगी।

### बिना मुंडेर वाले कुएं और खुले बोरवेल की जानकारी देने वाले को मिलेगें 500 रूपए

बैठक में कलेक्टर श्री बाथम ने बताया कि स्थानीय निकायों द्वारा उनके क्षेत्रों में बिना मुंडेर वाले कुएं और खुले बोरवेल नही होने के संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। बिना मुंडेर वाले कुएं और खुले बोरवेल की जानकारी देने वाले को संबंधित राजस्व अधिकारी द्वारा 500 रूपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगीं।

### एनसीसी शिविर में नीलम बघेल, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), सैलाना द्वारा

## बाल अपराध, साइबर अपराध एवं महिलाएं एवं उनकी सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधान की जानकारी प्रदान की गई

**रतलाम।**

21 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी, रतलाम द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 24 मई 25 से 02 जून 25 तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सैलाना में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में कमान अधिकारी कर्नल संदीप अहलावत के नेतृत्व में प्रतिदिन सैन्य विषयो के प्रशिक्षण के अतिरिक्त सामाजिक विकास गतिविधीयों एवं नागरिक सुरक्षा हेतु व्याख्यान एवं डेमो का आयोजन किया जा रहा है। 28 मई 2025 को सुश्री नीलम बघेल, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), सैलाना द्वारा बाल अपराध एवं महिलाएं एवं उनकी सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधान की जानकारी प्रदान की गई। बघेल मेडम द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया की नए कानूनों के अंतर्गत ई-एफआईआर घर से ही करने की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही उनके द्वारा बतया गया कि वर्तमान में प्रत्येंक पुलिस थाने में



उर्जा डेस्क प्रभारी महिला अधिकारी की नियुक्ति की गई तथा प्रत्येक थाने में महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति इसी लिए की जा रही है कि महिलाओं से संबंधित अपराध का परीक्षण और कार्रवाई महिला अधिकारी द्वारा ही की जावेगी, ताकि महिलाएं संपूर्ण सत्य बेझिझक बता सकें। एसडीओपी मेडम द्वारा विभिन्न हेल्प लाईन नम्बर से कैडेटस को अवगत कराया गया जैसे बाल अपराध के लिए 1098 तथा साईबर अपराध के लिए 1930 और महिला अपराध के लिए हेल्प लाईन 1090 एवं डायल 100 के बारे में विस्तार से समझाया। आपने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ होने वाले अपराध की विशेष जानकारी प्रदान की इसके साथ ही एसडीओपी मेडम द्वारा अपनी सफलता की जानकारी भी छात्र/छात्रा सैनिको को बताई और कहॉ कि जब भी आपको मेंरी मदद की आवश्यकता लगें आप मुझसे संपर्क कर सकतें है। जिला एसपी अमित कुमार, आईपीएस के नेतृत्व में साइबर अपराध की जानकारी साइबर टीम के सदस्य श्री तुषार सिसौदिया और श्री निलेश शर्मा द्वारा प्रदान की गई। आपके द्वारा फ्राड फाईल एक्सटेंशन एपीके और अन्य फाईलों की जानकारी दी, और बताया कि इन फाईलों को कभी ना खोंलें और अपना ओटीपी किसी अंजान को ना बताएं तथा डिजिटल अरेस्ट की स्थिति मे साइबर अपराधी के कहे अनुसार कार्यवाही न करते हुए तत्काल परिवार की सहायता लेनी चाहिए तभी आप डिजीटल अरेस्ट से बच सकेगें।

व्याख्यानमाला की इसी कढी में कर्नल संदीप अहलावत द्वारा चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण के गुर सिखाएं उनके द्वारा बताया गया कि क्यूॅ कैडेटस को मानसिक और शारीरिक रूप से सबल ेाना पडेगा। उनके द्वारा बताया गया कि चरित्र निर्माण के लिए ईमानदारी, जिम्मेदारी, साहस, दया सहानूभूति और सकारात्मकता का होना आवश्यक है तथा राष्ट्र निर्माण के लिए समानता एवं न्याय, शिक्षा और विकास कौशल, स्वस्थ वातावरण, खुले दृष्किोण वाला समाज तथा राष्ट्रप्रेम का होना आवश्यक है।

इस दौरान सी/ओ सुरेन्द्र सिंह चैहान, सी/ओ विजय सिंह पुरावत, एस/ओ जाकिर खान, टी/ओ मदनलाल ओहरी, राकेश हारोड़, चंद्रप्रकाश सोलंकी, कौशल सिंह सहित पी0आई0 स्टॉफ तथा कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

## पुलिस द्वारा शहर के होटल संचालकों के साथ बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए



**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में पुलिस एवं शहर के सभी होटल संचालको के मध्य बैठक आयोजित की गई। आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण रखने एवं शहर की सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए होटल/लाज/सराय संचालको की बैठक ली गई। जिसमें निरीक्षक स्वराज डाबी थाना प्रभारी स्टेशन रोड, निरीक्षक मुनेंद्र गौतम थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र रतलाम, निरीक्षक मनीष डावर थाना प्रभारी डीडी नगर रतलाम, उनि अनुराग यादव थाना प्रभारी माणकचौक, एवं शहर के 50 होटल / लॉज संचालक शामिल हुए। बैठक में होटल में ठहरने वालो की जानकारी प्रतिदिन निर्धारित प्रोफार्मा में थाने भेजी जाना सुनिश्चित करेंगे। बिना आईडी कार्ड के कमरा नही दिया जाये। आई डी कार्ड से व्यक्ति की पहचान सत्यापित करे। ठहरे हुए व्यक्तियों मे यदि कोई संदिग्ध हो तो उसकी सुचना पुलिस को दे। नाबालिगो को तस्दीक उपरांत ही ठहरने दे। अनैतिक गतिविधियों पर नजर रखी जाए। होटल परिसर में उचित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए, जिनकी रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक संरक्षित रखी जाए। होटल स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित करेंगे। होटल को अपना रिकॉर्ड अपडेट रखना होगा, जिससे पुलिस द्वारा आवश्यकता होने पर चेक किया जा सकेगा। होटल में कोई भी अवैधानिक गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को दी जाए।

## शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ सलाहकार समिति की बैठक समिति प्रभारी श्रीमती अनिता कटारा की अध्यक्षता में समिति कक्ष में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में समिति द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों भोजन हेतु नगर में संचालित दीनदयाल रसोई केन्द्र की जानकारी ली जाकर रसोई केन्द्रो का अवलोकन समिति सदस्यों द्वारा किये जाने की अनुशंसा की गई। आयोजित बैठक में समिति प्रभारी श्रीमती अनिता कटारा के अलावा समिति सदस्य धर्मेन्द्र रांका, रणजीत टांक, करण कैथवास, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती आशा रावत, समिति सचिव राजश्री गुमास्ते आदि उपस्थित थे।

## मध्य रात्रि में मोहन बेन गुगलिया का नेत्रदान सम्पन्न

**रतलाम।** शहर ने एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। तेजा नगर निवासी ज्ञानचंद गुगलिया की धर्मपत्नी एवं श्रीमती संगीता मेहता तथा श्रीमती कविता गांधी की माताजी श्रीमती मोहनबेन गुगलिया का मंगलवार की मध्य रात्रि को दुखद निधन हो गया। इस दुःखद क्षण में भी उनके परिवार ने एक साहसी और मानवतापूर्ण निर्णय लेते हुए नेत्रदान का संकल्प लिया, जिससे दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई रोशनी प्राप्त होगी।



स्वर्गीय मोहनबेन, नेत्रदानी स्व. राजेश गुगलिया की माताजी थीं।

गुगलिया परिवार के इस पुण्य कार्य को नेत्रम संस्था ने तत्परता से क्रियान्वित किया। संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि समाजसेवी सुनील गांधी एवं सुशील मीनू माथुर ने परिजनों को नेत्रदान हेतु प्रेरित किया।

परिवार की सहमति प्राप्त होने के पश्चात, बडनगर स्थित गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल को सूचना दी गई। डॉ. ददरवाल, मोहनलाल राठौड़ के साथ रात में ही रतलाम पहुंचे और पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इस पुनीत कार्य के अवसर पर हेमन्त मूणत, ओमप्रकाश अग्रवाल, गोपाल राठौड़ (पतरा वाला), दिलीप कटारिया, रमणलाल मूणत, अभिषेक भाणावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नेत्रम संस्था ने गुगलिया परिवार के इस निर्णय को समाज के लिए एक प्रेरणास्पद उदाहरण बताते हुए सभी नागरिकों से नेत्रदान जैसे महान कार्य में भाग लेने की अपील की है।


# श्री महाराणा प्रताप प्रतिमा वैदिक मंत्रोच्चार से किया दुग्धाभिषेक

**रतलाम।**

श्री महाराणा प्रताप जी के जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व सैलाना बस स्टैंड स्थित श्री महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा का पंडित गोपाल सावरा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ करवाया गया।

दुग्ध एवं पंचामृत से अभिषेक श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव पर 29 में मई गुरुवार को सायंकाल 4 बजे भव्य शौर्य यात्रा महलवाड़ा परिसर से श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति व समस्त राजपूत संगठन द्वारा भव्य शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। शौर्य यात्रा निकलने के पूर्व सर्वप्रथम राजमहल परिसर में राजराजेश्वरी नागणेचा माता, राजराजेश्वरी पद्मावती माता, हाथी खाना स्थित श्रीनाथ जागनाथ महादेव मंदिर व अमृत सागर स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर पूजा अर्चना कर माता को चुनरी अर्पण की जाएगी।

संस्थापक महाराजा रतन सिंह राठौर महाराजा सज्जन सिंह जी राठौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाकर महलवाड़ा से जय महाराणा, जय भवानी,जय शिवाजी के उद्घोष के साथ स्वयं 4 बजे यात्रा शुरू होगी जो महलवाडा से प्रारंभ होकर महाराजा रतन सिंह जी चौराहा,नगर निगम, कॉलेज रोड, नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, माणकचौक, घांस बाजार,चौमूखी पुल,चांदनी चौक,तोपखाना,गणेश देवरी, रानी जी का मंदिर, शहीद चौक, गायत्री टॉकीज़ मार्ग से होते हुए श्री महाराणा प्रताप चौक पहुंचेगी। श्री महाराणा



प्रताप की प्रतिमा का समाज के वरिष्ठ अतिथि द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा एवं साथ ही भव्य आतिशबाजी भी समिति द्वारा की जाएगी

### यह रहेंगे आकर्षण का केंद्र

शौर्य यात्रा में सर्वप्रथम प्रचार रथ, उसके पीछे बुलेट वहां पर तिरंगा और भगवा ध्वज लेकर युवा चलेंगे इसके पीछे घुड़सवार बैंड क्षत्रिय सरदार गड़े दुर्गा वाहिनी सतरानिया और चार रथ रहेंगे 250 से अधिक समिति सदस्यों की टीम शोध यात्रा का मोर्चा संभालेगी। जिसमें पार्किंग से लेकर यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी भी रहेगी। यात्रा में 300 से अधिक बालिका केसरिया साफा धारण कर शामिल होगी।समिति द्वारा अपने सदस्यों कार्यभार की जिम्मेदारी सौंपकर अलग अलग व्यवस्था के प्रभारी बनाए गए हैं। इसमें युवा जय भवानी, जय शिवाजी,जय महाराणा के उद्घोष के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। उक्त जानकारी समिति के नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि जिसमें सर्वप्रथम श्री महाराणा प्रताप जी महाराज रतन सिंह जी छत्रपति शिवाजी महाराज एवं महाराजा छत्रसाल बुंदेला जी की का चित्र रहेगा। यात्रा में क्षत्रिय,क्षत्राणियां पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होगी। इस आयोजन में विशेष रूप से राजेंद्र सिंह गोयल, विजय सिंह हारोड़,विजय सिंह चौहान, दिलीप सिंह सोनगरा, नरेंद्र सिंह सोलंकी, किशोर सिंह चौहान, देवी सिंह राठौर, शैलेंद्र सिंह देवड़ा, निखिलेश सिंह पवार, वीरेंद्र सिंह खंगारोत, प्रवीण सिंह हारोड़, सत्यनारायण सिंह सोलंकी, चंदर सिंह पंवार,जितेंद्र सिंह सोलंकी, कमलेश सिंह भाटी, अजय सिंह पंवार,नरेंद्र सिंह सिसोदिया,वीरेंद्र सिंह डोडिया, युवराज सिंह राठौर, अमन सिंह चंद्रावत,मयंक सिंह राठौर, हर्षवर्धन सिंह चौहान, हेमंत सिंह भाटी, प्रवीण सिंह हारोड़,हर्ष सिंह पवार,नवनीत सिंह देवड़ा जया गोयल, किरण तंवर,किरण गोयल, पूर्णिमा चौहान, अनीता सोलंकी,रेखा सिसोदिया,जस कुंवर पंवार, टीना चंद्रावत, अनीता चौहान, राजकुमारी पवार सहित सभी संगठन केपदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

## प.पू. श्री अमितगुणा श्रीजी म.सा. एवं श्रेयनंदिता श्रीजी म.सा. का चातुर्मास मंदसौर में

**मन्दसौर ।** प.पू. खरतरगच्छीय आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सुरिश्वर म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी प.पू. महतरा श्री चंपा श्रीजी म.स. की सुशिष्या प. पू. श्री अमितगुणा श्रीजी म.सा. एवं श्रेयनंदिता श्रीजी म.सा. का चातुर्मास मंदसौर श्री संघ को प्राप्त हुआ है। चातुर्मास समिति अध्यक्ष अशोक मारु ने बताया कि महाराज श्री सिरोही से विहार कर 4 जुलाई, शुक्रवार को मंदसौर आयेंगे आपका मंगल प्रवेश मंदसौर के नयापुरा रोड़ स्थित दादावाड़ी पर होगा। श्रीसंघ के कमल कोठारी एवं अभय चौरडिया ने बताया कि मंदसौर की पावन धरा पर प. पू. श्री अमितगुणा श्रीजी म.सा. एवं श्रेयनंदिता श्रीजी म.सा. का चातुर्मास की स्वीकृति से श्री संघ मे हर्ष एवं खुशी की लहर है ।

## भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के हेमंत बारोदिया जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया

**मन्दसौर ।** भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा (राजी) के जिला अध्यक्ष श्री वरदीचंद छापरवाल ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पत्रकार श्री हेमंत बारोदिया को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है । श्री बारोदिया के मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू मुडेल कुमावत महामंत्री राजेश अडानिया, जिला सांस्कृतिक मंत्री बाबू डूंगरवाल, मदनलाल अडानिया, बंटी कुमावत मुंडेल, मानक अडानिया, सोम मारिवार, अमित भमोलिया, कपिल मावर, मनीष भाटी आदि समाजजनों ने कार्यालय पर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और संगठन हित में कार्य करने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

## अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ

**मन्दसौर ।** 28 मई को अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बी एल बिश्नोई के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नूतन हाई स्कूल मंदसौर में किया गया । कार्यक्रम में महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम में उड़ान संस्था की ओर से श्रीमती संगीता कुंभकार ने माहवारी स्वच्छता एवं उसके प्रबंधन के संबंध में उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के जिला संयोजक श्री सोनिक मिश्रा द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता, सुरक्षित निस्तारण के साथ माहवारी को लेकर समाज में व्याप्त भ्रान्तियों पर उपस्थित प्रतिभागियों के साथ परिचर्चा की गई तथा कहा कि माहवारी शर्म नहीं सम्मान है, यह हर नारी की पहचान है। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह एवं उसके दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए सहायक संचालक श्री पीसी चौहान द्वारा बाल विवाह न करने एवं ना होने देने हेतु अपील की गई। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मंदसौर श्री उमराव सिंह जैन द्वारा बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री बी आर मुजाल्दे पर्यवेक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्री पारब्रह्म देव छड़ी का मेला एवं प्रसाद वितरण 31 मई को

**मन्दसौर ।** श्री पारब्रह्म देव छड़ी का मेला एवं प्रसाद वितरण 31 मई शनिवार को अन्नपूर्णा भवन अन्नक्षेत्र मदारपुरा फाटक पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सिन्धी समाज की माताओं एवं बहनों के द्वारा भक्ति संगीत प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए पं. वासुदेव शर्मा एवं मनोज शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 31 मई शनिवार को प्रातः 10 बजे निवास स्थान जनकूपुरा मदारपुरा फाटक स्थित देव स्थान पर ध्वजारोहण एवं 11 बजे हवन होगा। शाम को 5 बजे अन्नपूर्णा भवन पर महिला संगीत तथा शाम को 7 बजे महाआरती होगी तत्पश्चात् प्रसादी वितरण होगा। मेला आयोजक पं. मनोज वासुदेव शर्मा ने सभी धर्मप्रेमी माताओं और बहनों से सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होकर भक्ति संगीत महाआरती एवं प्रसादी वितरण का लाभ लेने की अपील की है।

## शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 01 जुलाई

**मंदसौर ।** शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर प्राचार्य शिव शंकर शर्मा द्वारा बताया गया कि शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर में सत्र 2025-26 में संचालित ब्रांच कम्प्यु शर्टर साईंस एण्डश इंजी., इलेक्ट्रॉ निक्सा एण्डस टेलीकम्युपनिकेशन इंजी., इलेक्ट्रिक इंजी. एवं मेकेनिक इंजी. में प्रवेश हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 01 जुलाई 2025 निर्धारित है। शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर में प्रवेश हेतु कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी को निर्धारित प्रमाण पत्र जिसमें कक्षा 10 वीं की अंक सुची, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मुल निवासी प्रमाण पत्र,, आय प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साईज के दो फोटो लेकर शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर में उपस्थित होकर निःशुल्कर पंजीयन करा सकते है।

## विधि महाविद्यालय मंदसौर में महाराणा प्रताप जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मन्दसौर।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर 28 कई को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन एवं उनके शौर्य को प्रकाशित कर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## 36वां श्री हनुमान चालीसा पाठ श्रीकृष्ण धेनुका मंदिर पर सम्पन्न



**मनासा।** मंदिरों की नगरी मनासा में मंगलवार को सनातन सत्संग मंडल, मनासा व्दारा आयोजित 36वां श्री हनुमान चालीसा पाठ श्रीकृष्ण धेनुका मंदिर (चन्द्रवंशी ग्वाला समाज)पर सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओ ने हनुमान चालीसा के पाठ में भाग लिया। इस अवसर पर गवली ग्वाला समाज के वरिष्ठ लालाराम,सुन्दरलाल, कैलाश रियार, गोपाल, मदनलाल,रामदेव सतोकिया तेजराज,घीसालाल गूंजेला, मंगल हांस आदि समाजजनों ने हनुमान जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर सत्संग का प्रारंभ किया। राजकुमार मारू,निरंजन पाराशर, देवीलाल कुमावत, अनिल लढ़ा,कमल विजयवर्गीय, गोपाल राठौर आदि ने सुन्दर भजनो की प्रस्तुति दी। सनातन सत्संग मण्डल व्दारा कार्यक्रम आयोजन के लिए गवली समाज के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सत्संग की अगली कड़ी में 38वां श्रीहनुमान चालीसा पाठ दिनांक 03 जून 2025 मंगलवार को श्रीतहसीलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय प्रांगण मनासा पर अभिभाषक साथियो के सहयोग से सम्पन्न होगा।




# जैन धर्म में सबसे ज्यादा मंत्रोच्चार- विश्व रत्न सागर सूरीश्वर महाराज

**शाजापुर, निप्र।** नगर में पहली बार परम पूज्य आचार्य भगवंत श्रीनवरत्न सागरसुरीश्वरजी के असीम कृपा पात्र शिष्य, राष्ट्रीय संत आचार्य परम पूज्य विश्व रत्न सागर सूरीश्वर महाराज की महाचमत्कारी मांगलिक का आयोजन स्थानीय गांधी हाल में हुआ। इस महामांगलिक के दौरान आचार्य ने भक्तों को अति प्राचीन महामंत्रों से गुथित आधि, व्याधि,उपाधि निवारक,सर्व मनवांछित पूरक, महान चमत्कारी महामांगलिक सुनाई। राष्ट्रीय संत ने कहा जैन धर्म में सबसे ज्यादा मंत्रोच्चार है। राशि के चक्कर में कभी मत पड़ना। राशि बलवान नहीं होती, गुरु का आशीष बलवान होता है। सकल जैन समाज के अध्यक्ष सपन जैन ने बताया गुरूदेव नवरत्नसागरजी की असीम कृपा पात्र शिष्य श्रीविश्वरत्नसागरजी म.सा.द्वारा प्रतिमाह एकम पर विश्वशांति व जनकल्याणकारी महामांगलिक भक्तों को प्रदान की जाती है। आधि-व्याधि-उपाधि नाशक दिव्य महामंत्रों से उच्चारित इस अनुष्ठान हेतु अगली महामांगलिक उज्जैन में जून माह में आयोजित होगी जैनाचार्यश्री ने अगली महामांगलिक उज्जैन में करने की स्वीकृति प्रदान की।महामांगलिक में पूज्य साधु-साध्वीगणों के पावन सानिध्य के साथ प्रदेश के मंत्री गौतम टेंटवाल, विधायक अरुण भीमावद, जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, उज्जैन विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजीत जैन ने किया।

## खिलाडियों के लिए चयन ट्रायल सम्पकन्ने

**शाजापुर, निप्र।** भारत सरकार खेल मंत्रालय द्वारा जिले में खेल और युवा कल्याकण विभाग के आधिपत्या के मलखंब खेल प्रशिक्षण केन्द्रो को खेलो इण्डिया स्मॉ ल सेंटर की स्वीमकृती प्रदान की गई। जिला खेल और युवा कल्योण अधिकारी ने बताया कि 20 बालकों एवं 20 बालिकाओं को प्रतिदिन मलखंब खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण केन्द्री पर अण्ड र 18 वर्ष आयु वर्ग की रिक्तज सीट के लिए मलखंब का ट्रायल 26 मई 2025 को शाम 4.00 बजे फीडर सेंटर के प्रशिक्षक मुजाहिद बेग के नेतृत्वड में आयोजित किया। ट्रायल में 08 बालिकाओं एवं 05 बालकों का चयन खेलो इण्डिलया स्मॉमल सेंटर के लिए हुआ। उपरोक्तव खिलाडियों को स्मॉ।ल सेंटर पर प्राप्त होने वाली सुविधाओं का लाभ प्राप्त0 होगा। इस अवसर पर जितेन्द्रल शर्मा, गौरव वर्मा, लोकेश नायक, सीनियर मलखंब खिलाड़ी एवं अन्य? मलखंब खिलाड़ी उपस्थित थे।




# स्वच्छता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**शाजापुर, निप्र।** जिले में अंतर्राष्ट्रीय माहवारी एवं स्वच्छता दिवस पर परियोजना में आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 21 में कार्यशाला का आयोजन महिला एवं बालविकास अधिकारी सुश्री नीलम चौहान के मार्गदर्शन मे किया गया।

इस दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से घरेलू स्तर पर माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन पर वेबिनार में सम्मिलित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की सहायता से समस्त बालिकाओं एवं महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट करवाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री चौहान ने बालिकाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता पर चर्चा करते हुए उच्च शिक्षा के प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व महिला हेल्पलाइन के बारे में भी बताया। परियोजना अधिकारी सुश्री नेहा चौहान ने वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया। पर्यवेक्षक श्रीमती प्रिया गोस्वामी द्वारा बालिकाओं को उदिता योजना किशोरावस्था के बारे जानकारी दी गई। पर्यवेक्षक श्रीमती संगीता यादव द्वारा बालिकाओं व गर्भवती माताओं को हीमोग्लोबिन टेस्ट करवाने के लिए प्रेरित किया गया एवं एनीमिया के बारे में बताया गया। पर्यवेक्षक श्रीमती अमिता माथुर द्वारा पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई। हीमोग्लोबिन टेस्ट श्रीमती अर्चना शर्मा एवं हेमलता यादव द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी मोमन बडोदिय पंकज कुमार दवे ने ग्राम कुमारिया पाल के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर किशोरियों बालिकाओं और महिलाओं को माहवारी स्वच्छता, साफ सफाई का जीवन में महत्व के बारे में बताया और पोषण और एनीमिया पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बालिकाएं, मातृ सहयोगनी के सदस्य, ब्लाक समन्वयक नरेंद्र गेहलोत एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# नगर परिषद मनाएगी लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वी जयंती

**बदनावर ( इंदौर समाचार)।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वी जयंती के अवसर पर नगर परिषद बदनावर द्वारा चलाए जा रहे नगर सरकार आपके द्वारा अभियान के पूर्ण होने के अवसर पर सिंदूर महोत्सव मनाया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने बताया कि संगठन द्वारा चलाए जा रहे लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 वी जन्म जयंती के अवसर पर अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर एवं वर्तमान में देश बेटियों कर्नल सोफिया कुरेशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह द्वारा भारत की तीनों सेना के नेतृत्व में आतंकवाद की समाप्ति के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर को लीड करने वाली देश की दोनों बेटियों के सम्मान में सिंदूर पराक्रम महोत्सव का आयोजन नगर क्षेत्र की मातृ शक्ति के साथ मिलकर किया जाएगा। साथ ही इस अवसर पर नगर परिषद बदनावर द्वारा आमजनमानस हेतु जनकल्याणकारी योजना एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर चलाए जा रहे नगर सरकार आपके द्वार 5 दिवसीय अभियान का भी समापन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष प्रीतेशसिंह पंवार द्वारा इस कार्यक्रम हेतु नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव को कार्यक्रम संयोजक एवं सह संयोजक सुषमा पाठक को बनाया गया है।

# दुर्घटना में मृत आउटसोर्स कर्मचारी की पत्नी को रेडक्रास से एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदाय

**खरगोन ।** झिरन्या तहसील के ग्राम मायखेड़ा में सुधार कार्य के दौरान ग्राम बागदरी के रहने वाले आउटसोर्स कर्मचारी रामलाल सिसोदिया की करंट लगने से मृत्यु हो गई है।

इस घटना में मृतक के परिवार को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा रेडक्रॉस से मृतक की पत्नी कविता सिसोदिया को एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। आउटसोर्स कंपनी द्वारा मृतक के परिवार को अंत्येष्टि सहायता के रूप में 15 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है। एमपीईबी खरगोन के अधीक्षण यंत्री श्री वर्मा ने बताया कि आउटसोर्स कंपनी द्वारा मृतक की पत्नी को 04 लाख रुपये प्रदान की जाएगी। विभाग द्वारा इस दुर्घटना की जांच के उपरांत जिम्मेदार व्यक्ति पर एफआईआर की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही आउटसोर्स सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा आश्रित पत्नि कविता सिसोदिया को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा अंतर्गत 02 लाख रुपये समूह बीमा अंतर्गत 03 लाख रुपये पीएफ एवं ईसीएसआई की पेंशन संयुक्त रूप से प्रतिमाह लगभग 10 हजार रुपये दी जाएगी। साथ ही ईडीएल आई एवं पीएफ की राशि कर्मचारी द्वारा जमा राशि के आधार पर दी जाएगी।

## संबंधित थाने के सामने रात्रि में और जिला मुख्यालय पर बीच सड़क पर शव रखकर आक्रोश जताया

बिजली के पोल पर काम रहे विद्युत विभाग के आउट सोर्स कर्मचारी की करंट लगने से मौत के मामले में परिजन और ग्रामीण मृतक का शव लेकर पहुंचे जिला मुख्यालय खरगोन पहुंचे कलेक्टर कार्यालय के सामने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। बीच सड़क पर शव रखकर कर प्रदर्शन से मार्ग का आवागमन रुका गया था। परिजन उचित मुआवजे और भरण पोषण की कर रहे मांग ।बिजली विभाग की लापरवाही से मौत और मौके पर तड़पता छोड़कर भागने पर बिजली विभाग के जिम्मेदार लोगों पर एफआईआर की मांग की थी परिजनो ने। इससे पहले बीती देर रात को भी परिजनों ने शव को झिरन्या थाने के सामने रखकर किया था प्रदर्शन चैनपुर थाना क्षेत्र के लाईखेड़ी गांव में घटी थी घटना।



## वाहनों की चेकिंग, 4 वाहन कियें जप्त,

**शाजापुर, निप्र।** जिले में परिवहन विभाग द्वारा शाजापुर, अकोदिया व सलसलाई क्षेत्र में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में स्कूली वाहन, बस, मैजिक, ऑटो एवं अन्य वाहनों की सघन चेकिंग की कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी राकेश भूरिया ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान उनके परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फाइटर, फर्स्ट् एड बॉक्स आदि चेक किए गए। इसके साथ ही 04 वाहनों को जप्त किया जाकर पुलिस थाना की अभीरक्षा में रखा गया एवं 9000 रूपये शमन शुल्क राशि वसूल की गई।

## बड़ायला चौरासी - जावरा - ढोढर दोहरीकृत रेल खंड का सीआरएस निरीक्षण

**रतलाम, ।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नीमच-रतलाम रेल खंड के दोहरीकरण कार्य के तहत बड़ायला चौरासी-जावरा-ढोढर (किमी 324.440 से किमी 349.514 तक) के मध्ये दोहरीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। इस खंड पर ट्रेनों के परिचालन आरंभ होने से पूर्व 31 मई, 2025 को रेल संरक्षा आयुक्तं पश्चिम परिमंडल द्वारा नव दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत खंड का निरीक्षण एवं गति परीक्षण किया जाएगा। किसी भी प्रकार की संभावित दुर्घटना से बचने के लिए 31 मई, 2025 को दोपहर 12.00 बजे से सायं 19.00 बजे तक बड़ायला चौरासी-जावरा-ढोढर के मध्य2 रेल पथ से दूरी बनाकर रहें तथा आवागमन हेतु निर्धारित समपार फाटकों का ही उपयोग करें।

## नीमच-रतलाम दोहरीकरण के कारण ट्रेने प्रभावित

**नीमच ।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नीमच-रतलाम खंड के दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत बड़ायला चौरासी-जावरा-ढोढर रेल खंड के दोहरीकरण एवं सीआरएस निरीक्षण हेतु प्रस्तावित ब्लॉजक के कारण रतलाम मंडल की दो ट्रेने प्रभावित होगी। 29 से 31 मई, 2025 तक उज्जै्न से चलने वाली गाड़ी संख्याा 69231 उज्जैनन चित्तौ ड़गढ़ मेमू रतलाम स्टे शन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा रतलाम से चित्तौ ड़गढ़ के मध्यर निरस्त् रहेगी। 29 से 31 मई, 2025 तक चित्तौनड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्यार 69232 चित्तौसड़गढ़ उज्जै न मेमू रतलाम से शॉर्ट ऑरिजिनेट होगी तथा चित्तौ ड़गढ़ से रतलाम के मध्य निरस्त् रहेगी।

# जन्मदिन पर फल वितरित करने मनावर सिविल अस्पताल पहुंचे विधायक

## सिविल हॉस्पिटल का मैनेजमेंट देख प्रबंधन पर हुए नाराज

**मनावर निप्र,** अपने जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित करने मनावर सिविल अस्पताल पहुंचे मनावर विधायक डॉ, हीरालाल अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट पर हुए नाराज 2 वर्ष से पहले विधायक अलावा द्वाराअपने जन्म दिन पर मरीजों की गर्मी से राहत के लिए जम्वो कूलर मनावर हॉस्पिटल को भेंट किए गए थे। लेकिन वह कुलर एक भी अस्पताल में अभी नहीं मिले हैं वहीं मरिज गर्मी में बेहाल दिखाई दिए वही हॉस्पिटलों के मैनेजमेंट करताधर्ता के ऑफिस में ऐसी लगे हुए हैं और सिस्टर लोगों के पास में भी सेपरेट कुलर लगे हुए दिखाई दिए, वही आम जनता ने विधायक महोदय से गुहार लगाई है कि आपके द्वारा हॉस्पिटलों को नित नई नई सौगात दी जाती है मगर मनावर हॉस्पिटल का मैनेजमेंट कहीं ना कहीं उन वस्तुओं का मैनेजमेंट केवल कागजों पर ही करता है वहीं अपने नीजी स्वार्थ के कारण मरीजों का उसका लाभ नहीं मिल पाता है जब इस संबंध में [illegible] से मिलना चाहा तो उनका छुट्टी पर होना पाया गया अब देखना उचित होगा कि इस खबर के बाद अस्पताल प्रबंधक नवागत बीएमओ क्या कार्रवाई करती हैं। हालांकि उन्हें चार्ज लिए हुए कुछ ही दिन हुए हैं मगर हॉस्पिटल में बरसों से कुछ कर्मचारी गण यहीं जमे हुए हैं । वही मनावर सिविल हॉस्पिटल में सविधाकर्मियों को भी अस्पताल में उच्चपद के कार्य दिये हुए जो आज तक बड़े-बड़े कार्य पर मौजूद है।



# 4 लेन होगा नागदा-रतलाम रेल मार्ग, 1018 करोड़ की स्वीकृति

## मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेल में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नागदा जं. निप्र।** भारतीय रेल की लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को भारतीय रेल में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी, ताकि यात्रियों और वस्तुओं का निर्बाध एवं तेज परिवहन सुनिश्चित किया जा सके।

इन परियोजनाओं में शामिल हैं रतलाम-नागदा तीसरी और चौथी लाइन, वर्धा-बल्हारशाह चौथी लाइन। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रुपये (लगभग) है और इन्हें 2029-30 तक पूरा किया जाएगा। ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुई हैं। ये यात्रियों, वस्तुओं और सेवाओं के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के चार जिलों को समाहित करने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 176 किलोमीटर तक विस्तारित करेंगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 784 गांवों तक संपर्क सुविधा बढ़ाएंगी, जिनकी आबादी लगभग 19.74 लाख है। ये कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि वस्तुओं और







पेट्रोलियम उत्पादों जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 18.40 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन है, जो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक लागत, तेल आयात (20 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (99 करोड़ किलोग्राम) में कमी करने में मदद करेगा, जो 4 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। परियोजनाओं के दौरान लगभग 74 लाख मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। ये पहल यात्रा सुविधा में सुधार करेगी, लॉजिस्टिक लागत, तेल आयात और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने में योगदान देगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल संचालन को मजबूती मिलेगी। परियोजनाएं कंटेनर, कोयला, सीमेंट, कृषि वस्तुओं और अन्य सामानों के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण मार्गों पर लाइन क्षमता को बढ़ाकर लॉजिस्टिक दक्षता को भी बढ़ाएँगी। इन सुधारों से आपूर्ति श्रृंखलाओं के बेहतर उपयोग की आशा है, जिससे आर्थिक विकास में तेजी आएगी। बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेल के लिए परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाएंगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर में गवरी का गुड टच-बेड टच पर व्याख्यान




**नागदा जं. निप्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, नागदा के तत्वावधान में आयोजित शिविर के प्रथम दिन 28 मई बुधवार को प्रातः 10 बजे बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ अमृतलाल गवरी थाना प्रभारी, पुलिस थाना नागदा मण्डी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होने शिविर में 8 से 14 वर्ष की आयु के बालक बालिकाओं को गुड टच, बेड टच विषय पर विस्तार से समझाया।

शिविर के प्रारंभ में सभी बच्चों को तिलक लगाया, टॉफी वितरित की गई। मुख्य अतिथि गवरी, विशेष अतिथि प्रकाश जैन का स्वागत तिलक लगाकर, उत्तरीय ओढाकर केंद्र प्रभारी बीके पूनम दीदी ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रमुख रूप से मानसिक विकास पर आधारित विशेषज्ञों के सत्र, वर्क शॉप्स, चित्रकला, क्राफ्ट, डांस, संगीत, मनोरंजक क्विज, शिक्षाप्रद खेल, मेडिटेशन, राजयोग सिखाये जायेंगे। समर कैंप की शुरुआत में बीके रूबी दीदी ने एक प्रेरणास्पद गीत को सभी बच्चों को कंठस्थ कराया, सुमधुर गीतों पर सूक्ष्म व्यायाम के साथ ताली योग, हास्य योग का अभ्यास भी कराया। आत्मविश्वास(कान्फीडेंस) विषय को सुरुचिपूर्ण तरीके से छोटी-छोटी कहानियों, प्रसंगों के द्वारा शिविर की प्रथम वक्ता के रूप में पधारी सुकुसुम मकवाना ने बताया। प्रयोगात्मक रूप में सभी से स्वीकार भी कराया, रोचक पहेलियों को पूछते हुए अनुप्रास अलंकार का अति सुंदर प्रयोग बच्चों से वाक्यों के माध्यम से किया। पूनम दीदी ने ओम शब्द के महत्व को बताया, प्राणायाम को करवाते हुए मेडिटेशन का अभ्यास सभी से करवाया और अपने आशीर्वचन से अभिसिंचित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप रावल ने किया।

## नागदा पुलिस थाना परिसर में वाहनों की हुई नीलामी, 38 वाहनों से प्राप्त हुए 2.29 लाख रुपए

**नागदा जं. निप्र।** 28 मई बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) नागदा, जिला उज्जैन के आदेशानुसार, वाहन नीलामी प्रक्रिया का आयोजन पुलिस थाना परिसर नागदा में किया गया। यह नीलामी प्रशासनिक दिशा-निर्देशों एवं विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत संपन्न हुई।

इस अवसर पर तहसीलदार मुकेश सोनी, थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी, पटवारी अनिल शर्मा तथा थाना स्टाफ नागदा की उपस्थिति और मार्गदर्शन में यह संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूर्ण की गई। नीलामी प्रक्रिया के दौरान विभिन्न स्थानों से आए कुल 22 व्यक्तियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कुल 38 वाहनों की नीलामी की गई, जिनमें से उच्चतम बोली लगाने वाले





व्यक्तियों को वाहन स्वामित्व सौंपे जाने की प्रक्रिया आगामी समय में पूर्ण की जाएगी। इस नीलामी से कुल 2,29,500 रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है, जिसे विधिवत शासकीय खाते में जमा किया जाएगा। प्रशासन ने इस पारदर्शी एवं कुशल नीलामी प्रक्रिया हेतु उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं निविदा में भाग लेने वाले नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। यह नीलामी न केवल सरकारी राजस्व बढ़ाने की दिशा में सहायक सिद्ध हुई है, बल्कि लावारिस या जब्त वाहनों के समुचित निपटान का भी एक सशक्त उदाहरण बन गई है।

**बिरलाग्राम में 14 वाहनों की निलामी हुई-** इसी प्रकार बिरलाग्राम थाना क्षेत्र में 14 मोटर सायकलों की निलामी की गई जिसमें 1 लाख 36 हजार 500 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यहाँ 10 लोगों ने बोली लगाकर वाहनों को प्राप्त किया। इस अवसर पर सीएसपी ब्रजेश श्रीवास्तव, तहसीलदार मुकेश सोनी, थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## दिगंबर मुनिससंघ मंडल का मंगल प्रवेश आज

**नागदा जं. निप्र।** दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि अध्यात्म योगी, पट्टाचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य 108 मुनिअनुपम सागर जी महाराज, 108 मुनिसदभाव सागर जी महाराज, 108 मुनिनिर्मोह सागर जी महाराज व छुल्लक जी (ससंघ 4 पिच्छी) का भव्यातिभव्य मंगल प्रवेश नागदा नगर में आज दिनांक 29 मई 2025 को प्रातः 8 बजे होने जा रहा है। मुनि संघ का मंगल प्रवेश बेंड बाजे के साथ कोटा फाटक ब्रिज से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए दिगम्बर जैन मंदिर पर समाप्त होगा। तत्पश्चात् प्रवचन सभा मंदिर जी में आयोजित होगी।



जैन ने बताया कि मुनिससंघ का प्रवेश उन्हेल की ओर से होगा। जिन समाजजनो को साधर्मी विहार में लाभ लेना था उन्होने कल उन्हेल पहुंचकर धर्म लाभ लिया। समस्त समाजजनो से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में सहभागिता कर पुण्य अर्ज़न करने व कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील मुकेश जैन, मनोज जैन, शरद जैन, पराग जैन, रमेश जैन, नीरज जैन, राजेश जैन, पंकज जैन सहित समाजजनो ने की है।

# भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा 29 जून को

## पुरी की तर्ज पर नगरवासी मनाएंगे जगत नाथ का दिव्य महोत्सव



**नागदा जं. निप्र।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावना अमृत संघ इस्कान के संस्थापक आचार्य कृष्ण कृपा मूर्ति एवं भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद इस्कान उज्जैन के तत्वावधान में नागदा में जगन्नाथ रथ यात्रा एवं भव्य महोत्सव का आयोजन विगत वर्ष अनुसार 29 जून को इस वर्ष भी किया जाएगा। शर्मा गली स्थित डॉक्टर शर्मा के निवास पर इस्कॉन ग्रुप एवं नगर के समाजसेवी, वैष्णव जन की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में यात्रा से संबंधित विभिन्न व्यवस्था, सेवा एवं प्रशासनिक व्यवस्था प्रचार, प्रसार, नगर वासियों को आमंत्रण वितरण एवं रथ यात्रा को जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर भव्यता प्रदान करने के विषय पर विचार विमर्श किया गया। जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन सभी नगर वासियों के सहयोग एवं योगदान से संपन्न किया जाएगा। रथ यात्रा नगर में कृषि उपज मंडी, महात्मा गांधी मार्ग, जवाहर मार्ग, पुराना बस स्टैंड होती हुई आदि गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला पर संपन्न होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी नगर के समाज सेवी एवं प्रतिनिधियों से आयोजन मंडल द्वारा संपर्क किया जाएगा। रथ यात्रा में विशाल संख्या में नागदा व आसपास के वैष्णव महिला, पुरुष, बच्चे, विद्यार्थी सामाजिक संगठन एवं समस्त धर्म अनुरागी को रथ यात्रा के संबंध में जानकारी शीघ्र ही विभिन्न प्रचार माध्यम से प्रेषित की जाएगी। बैठक में नगर के वैष्णव जन, इस्कॉन सेवा संचालक बृजेश शुक्ला, मुकेश डोडिया प्रभुजी, समाजसेवी डॉ. शर्मा, डॉक्टर अनंत शर्मा, रमेश पाल चौधरी, मनोज राठी किराना वाले, निलेश मेहता, आशीष खरे, यशस्वी चौबे, सोमदेव पाल, जयंत दास, आशुतोष शर्मा, अजय गरवाल, सूरज शर्मा,विपिन चौहान, मुकेश डोडिया, किशोर चौहान आदि मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

## कुक्षी में कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 5 जून तक आमंत्रित

**धार।** प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुक्षी ने बताया कि सत्र 2025-26 में कक्षा 11वीं में केवल रिक्त सीटो पर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। विद्यालय में मानविकी (कला), विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में रिक्त सीटो के अनुसार प्रवेश दिए जाएगे। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में केवल अंग्रेजी माध्यम की छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों का चयन कक्षा 10वीं की अंकसूची के परीक्षा परिणाम के आधार पर किया जाएगा। विद्यालय से आवेदन प्राप्त कर कक्षा 10वीं की अंकसूची की छायाप्रति के साथ प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। अंतिम तिथि 5 जून नियत है।

## 31 मई को होगा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन

**धार।** आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय भोपाल के निर्देषानुसार पूर्व वर्ष के समान इस वर्ष भी 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मद्यपान तथा मादक पदार्थों, नशीली दवाईयों, पूर्व वर्ष के समान इस वर्ष भी विश्व तम्बाकू शराब एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं को अवगत कराने हेतु, नशामुक्ति के लिये जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएंगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं एवं बच्चों को तम्बाकू से बने उत्पादों के सेवन में होने वाली गम्भीर बीमारियों जैसे कैसर टीव्ही, हृदय रोग आदि से बचाव करने के लिये जन जागरुकता लाना हैं।

## मनावर के लाडले विधायक डॉ. हीरा अलावा का जन्मदिन मनाया




**मनावर।** मनावर के लाडले विधायक डॉ, हीरालाल अलावा का जन्मदिन उनके प्रशंसक और कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं ने उनके मनावर के गृह निवास विधायक कार्यालय पर सुबह 9ः00 बजे से ही कार्यकर्ता पहुंच गए करीब 10.30 बजे विधायक महोदय का सभी ने जन्मदिन हार फूल पुष्पमाला पहनाकर वह केक काटकर मनाया। वही मनावर नगर कांग्रेस अध्यक्ष ओम सोलंकी द्वारा मनावर विधानसभा में उनके द्वारा किए हुए विकास कार्यों को लेकर उनका आभार व्यक्त किया वही नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष श्रीमती लक्ष्मी जाट द्वारा अपनी महिला संगठनों के साथ उनका जन्मदिन मनाया वही डॉक्टर हीरा अलावा अपने सभी साथियों के साथ मनावर सिविल अस्पताल में सभी मरीजों को फल वितरित किए। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी सीतापुरी शिवकरण जी दरबार द्वारा उन्हें उनके किए हुए कार्यों की सरहाना की वही इस मौके पर मनावर के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता नजन उपस्थित थे।

## मोढ चतुर्वेदी ब्राह्मण समाज ट्रस्ट का सामूहिक यज्ञोपवित 8 जून को

**नागदा जं. निप्र।** मोढ चतुर्वेदी ब्राह्मण समाज ट्रस्ट अध्यक्ष स्वरूप नारायण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में एवं समाज के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चतुर्वेदी भेरवगढ़ के मुख्य आतिथ्य में 8 जून 2025 को होने वाले सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम के संबंध में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कोषाध्यक्ष जयेश चतुर्वेदी ने बताया कि अभी तक 13 बटुकों का यज्ञोपवीत होने की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिन बटुकों की स्वीकृति प्राप्त हुई जिन बटुकों यज्ञोपवीत कराया जाएगा वे बटुक हैं चिरंजीवी, दर्श चतुर्वेदी, श्लोक चतुर्वेदी, निवासी कटियाली मोनू शर्मा, मोहित शर्मा, भेरवगढ़ गौरांश चतुर्वेदी, लक्षित चतुर्वेदी, खरसोद वाले आनंद चतुर्वेदी, युवराज चतुर्वेदी, अर्थव चतुर्वेदी ,वेदांत चतुर्वेदी ,निवासी पिपलोदा बागला रुद्रशुक्ल, शिवांशशुक्ल ,निवासी दाहोद आदि। चतुर्वेदी ने यह भी बताया कि श्री गणेश पूजन मंडप वह ग्रह शांति के कार्यक्रम समाज की धर्मशाला मां मुंडेश्वरी मंदिर पिपली नाका उज्जैन पर प्रातः 7 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होंगे बैठक में विजय पटेल विजय कुमार शर्मा राजेंद्र चतुर्वेदी सतीश पांडे अमृतलाल रावल योगेंद्र चतुर्वेदी समाज के पूर्व अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी राकेश चतुर्वेदी बंशीलाल चतुर्वेदी अशोक चतुर्वेदी विशाल चतुर्वेदी युवा अध्यक्ष धर्मेंद्र चतुर्वेदी सहित समाज व ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे।

## एरियर राशि का भुगतान नपा द्वारा किया जाएगा



**नागदा जं. निप्र।** सफाई कामगार संघ भारतीय मजदूर संघ नपा नागदा द्वारा निरंतर अथक प्रयासों से नपा कर्मचारियों की एरियर राशि का भुगतान नपा द्वारा किया जाएगा। जिनमें नपा अध्यक्ष श्रीमीत संतोष ओपी गहलोत, उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीके सुमन, लेखापाल मनोज सिंह पंवार अकाउंटेंट आदि का धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समस्त संघ के पदाधिकारी एवं नपा मेट उपस्थित रहे। सफाई कामगार संघ के महामंत्री बालकिशन धौलपुरे के नेतृत्व में राकेश कल्याणे, सुनील मकवाना, हरी बोयत, कुशल धौलपुरे, पिंटू कल्याने,लालचंद कडारे,प्रभुलाल चौहान, विनोद मेवाती ,दिलीप डूलगज,पप्पू नाहर ,राहुल संकत,दिनेश भाटी, चंदन मकवाना, विशाल खरे आदि उपस्थित रहे।

# सात्विक-चिराग की जीत के साथ वापसी



**सिंगापुर-भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बुधवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सीधे गेम में जीत के साथ कोर्ट पर जोरदार वापसी की, जबकि लक्ष्य सेन का अभियान दर्दनाक तरीके से समाप्त हुआ।**

मार्च में चिराग की पीठ की चोट के कारण ऑल-इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर होने के बाद अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलते हुए, भारतीय जोड़ी ने बिना किसी परेशानी के सीधे गेम में जीत दर्ज की। पूर्व विश्व नंबर 1 जोड़ी ने शुरुआती दौर में मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल को 40 मिनट से भी कम समय में 21-16, 21-13 से हराया।दुनिया की 41वें नंबर की मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ यह उनकी दूसरी जीत थी, क्योंकि वर्तमान में विश्व में 27वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी पूरे मुकाबले में तेज और आत्मविश्वास से भरी दिखी। एकल में भारत के लिए निराशा रही, क्योंकि शीर्ष रैंक वाले पुरुष शटलर लक्ष्य सेन को अपने शुरुआती दौर के मैच के बीच में ही रिटायर होना पड़ा। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी ने चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और पहला गेम 21-15 से अपने नाम किया। लेकिन 19वें नंबर के लिन ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-17 से अपने नाम किया। निर्णायक गेम में, सेन को पीठ के निचले हिस्से में दर्द होने लगा और 5-13 से पिछड़ने के बाद रिटायर हो गए। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गड्डे ने 35 मिनट में चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की अमेरिकी जोड़ी को 21-16, 21-19 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल में आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा ने उम्मीदें तो जगाईं, लेकिन पहली बाधा पार करने में विफल रहीं। कश्यप को 58 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी हान यू से 21-17, 13-21, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि हुड्डा को पहला गेम जीतने के बावजूद दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी से 21-13, 9-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।अनुपमा उपाध्याय भी चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से 12-21, 16-21 से हारकर बाहर हो गई,

# दूसरी इंदौर संभागीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप 30 - 31 मई को नेहरू स्टेडियम में !

## इंदौर बॉक्सिंग एसोसिएशन के मोहन सिंह राठौड़ ने बताया कि दूसरी इन्दोर संभागीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता दिनांक 30 – 31 मई 2025 को नेहरू स्टेडियम बॉक्सिंग रिंग में आयोजित की जा रही है

। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर इंदौर संभागीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में निम्न ग्रुप की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा ! (1) कब क्लास - (8 से 12 वर्ष) 20-28 द्वद्द (गर्ल्स + बॉयज) 20/22/24/26/28/30 kg, (2) सब जूनियर क्लास -(12 से 14 वर्ष) 30/32/34/36/38/40/42/44/46/48/50 kg, (3) जुनियर क्लास - (14 से 16 वर्ष) 44/46/48/50/52/54/57/60/63/66/70/75/80/85 kg, (4) युथ क्लास (16 से 19 वर्ष ) मेन्स 47/50/55/60/65/70/75/80/85/90/।गर्ल्स 45/48/51/54/57/60/65/70/75/80/। (5) सीनियर क्लास (+19 वर्ष ) मेन्स 47/50/55/60/ 5/70/75/80/85/90++kg

**गर्ल्स**

45/48/51/54/57/60/65/70/75/80++kg नोट- एंट्री की अंतिम तारीख़ 28/05/2025 इसके बाद किसी की एंट्री की स्वीकार नहीं की जाएगी ! फिस =- > कब क्लास रू. 200/- फीस =-> सब जुनियर / जुनियर / यूथ / सीनियर रु. 300/- **कार्यक्रम–** 30/05/2025 का रात्रि भोज बाहर की टीमों का !, 31/05/2025 का सुबह का नाश्ता और दिन भोजन बाहर की टीमों का !, 30/05/2025 - सुबह 9 से 12 वजन ,द्वदोपहर 2 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ 31/05/2025 - सुबह 9 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ हुई।

# महाजन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम का प्रभावी प्रदर्शन

**इंदौर।** भारतीय जूनियर टेनिस टीम ने कजाखस्तान में संपन्न डेविस कप जूनियर एशिया ओसियाना क्वालिफाइंग टेनिस टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट में चीन, जापान सहित दुनियाभर के देश शामिल हुए थे। टूर्नामेंट में भारतीय टीम के कोच की जिम्मेदारी इंदौर के इंद्रकुमार महाजन ने निभाई थी। महाजन ने बताया कि इस टूर्नामेंट में में विभिन्न देशों की अंडर-16 आयु वर्ग की बालक टीम ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में यूं तो जापान, चीन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड सहित दुनिया के कई देशों की टीमें शामिल थीं, लेकिन भारत के लिए सबसे बड़ा मुकाबला चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान से था। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 2-0 से पराजित किया। पहले एकल मुकाबले में भारत के प्रकाश सरन ने पाकिस्तान के अबू बकर को कांटे के संघर्ष के बाद 6/7(3), 6/3, 10-4 से हराया। दूसरे एकल मुकाबले में भारत के तविश पाहवा ने पाकिस्तान के मिकाइल अली बेग को 4/6, 6/2, 12-10 से हराते हुए भारत को जीत दिलाई। मैच से पहले भारतीय खिलाड़ी तविश मांसपेशियों में खिंचाव के चलते चोटिल हो गए थे। इसके बावजूद उन्होंने जोरदार खेल दिखाया। भारतीय टीम की जीत पर अखिल भारतीय टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर ने सभी खिलाड़ियों और कोच इंद्रकुमार महाजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा- महाजन के अनुभव का लाभ भारतीय टीम को मिला।

## हरियाणा में सम्पन्न हुई सब जुनियर राष्ट्रीय कुश्ती में मध्यप्रदेश के पहलवानों ने 5 कांस्य पदक जीते

इंदौर मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि हरियाणा के पलवल में सम्पन्न हुई हुई सब जुनियर राष्ट्रीय कुश्ती में मध्यप्रदेश के पहलवानों ने 5 कांस्य पदक जीते ओलंपियन पप्पु यादव ने कहा युवा उर्जावान पहलवानों के कड़े मुकाबलों के बावजूद पदक जीतना बेहतर प्रदर्शन है यश 45 द्म, विनय यादव 48 द्म, योगेश यादव 51 द्म, तुषांत जाधव 55 द्म सभी ने ग्रीको रोमन सेमी में कांस्य जीते व महिला पहलवान सुखमन ने 55 द्म में कांस्य जीता इनके साथ कोच के रूप में जगदीश पटेल, लोकेश परमार, भोपाल के अब्दुल उमेर, व अंतर्राष्ट्रीय कोच विनय कुमार गए थे मध्यप्रदेश के पहलवानों की पदकीय सफलता पर ओलंपियन पप्पु यादव, विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव, गोविंद गुजर विकास यादव ने बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# स्व. सुरेशचन्द्र लुणावत स्मृति टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में एमकेसीसी की रोमांचक जीत

इंदौर। आईडीसीए के तत्वावधान में मास्टर ब्लास्टर एकेडमी द्वारा आयोजित स्व. सुरेषचन्द्र लुणावत स्मृति टी-20 स्पर्धा के अंतर्गत आज एमकेसीसी एवं इंदौर स्पोर्ट्स के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेससी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 8 विकेट पर 115 रन बनाये । आकाष त्रिपाठी ने सर्वाधिक नाबाद 37 रन बनाये । अनिकेत पाटील ने 3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर स्पोर्ट्स की टीम 20 ओवरो में 6 विकेट के नुकसान पर 110 रन ही बन सकी और यह मैच 5 रनों से हार गई । अनिल मौर्य ने सर्वाधिक 57 रन बनाये । आकाष त्रिपाठी ने दोहरा प्रदर्षन करते हुए 2 विकेट एवं रितविक दिवान ने 2 विकेट लिये ।



**आरबीसीएफ की आसान जीत–** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आरबीसीएफ एवं एसएलएफ के मध्य खेला गया, मैदान गीला होने की वजह से अम्पायरों द्वारा मैच 15 ओवरो का निर्धारित किया गया । जिसमें एसएलएफ ने पहले खेलते हुए 14 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 60 रन बनाये । कोई भी बल्लेबाज उल्लेखनीय प्रदर्षन नहीं कर सका । नकुल मेहता ने 3 विकेट एवं नमन जैन ने 2 विकेट लिये। जवाब में आरबीसीएफ की टीम ने 8 ओवरो में 3 विकेट खोकर 61 रन बना लिये और यह मैच 7 विकेट से आसानी से जीत लिया । अभिनव सिंह ने सर्वाधिक 16 रन बनाये ।

## तमन्ना, प्रिया और दीपक सेमीफाइनल में

**बैंकॉक**–तमन्ना, प्रिया और दीपक ने सेमीफाइनल में जगह पक्की करते हुए कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है। भारतीय मुक्केबाजों ने बुधवार को यहां चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखा। महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग में तमन्ना ने संयमित प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की लियू यू-शान को सर्वसम्मत निर्णय से हराया। प्रिया (57 किलोग्राम) ने इसके बाद दक्षिण कोरिया की पार्क आह-ह्यून पर 5-0 से जीत दर्ज की और मुकाबले को शुरू से अंत तक अपने नियंत्रण में रखा। पुरुषों के ड्रॉ में दीपक (75 किलोग्राम) ने तकनीकी स्पष्टता और रिंग अनुशासन दिखाते हुए दक्षिण कोरिया के किम ह्योन-ताए को भी सर्वसम्मत निर्णय से हराया। जुगनू (85 किग्रा) और अंजलि (75 किग्रा) ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हार के साथ अपने अभियान का अंत किया। पुरुषों के ड्रॉ में जुगनू (85 किग्रा) और दीपक (75 किग्रा) ने अंतिम आठ चरण में जगह बनाई,

# लावण्या ने एशियन चैंपियनशिप में रचा इतिहास, अम्मान में जीता रजत पदक

इंदौर की होनहार खिलाड़ी लावण्या यादव ने एक बार फिर शहर और देश का नाम रोशन किया है। अम्मान, जॉर्डन में आयोजित 9वीं जू-जित्सु एशियन चैंपियनशिप 2025 में उन्होंने अंडर-21 फाइटिंग फीमेल (-52 किग्रा) वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया।प्रतियोगिता में पूरे एशिया से आईं शीर्ष खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन लावण्या ने आत्मविश्वास, तकनीकी

## सोनाली बेंद्रे बोलीं- उस वक्त नहीं पता था कि वह प्रेग्नेंट है

साल 2004 में आई मराठी फिल्म आगा बाई अरेचा के गाने चम चम करता की शूटिंग के दौरान बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे को नहीं पता था कि वो प्रेग्नेंट हैं। डांस कोरियोग्राफर फराह खान के साथ बातचीत में सोनाली बेंद्रे ने इस बारे में खुलासा किया। इन दिनों फराह खान अलग-अलग सेलेब्रिटीज के साथ व्लॉगिंग कर रही हैं और जब वह सोनाली बेंद्रे के साथ कश्मीरी गुच्ची पुलाव बना रही थीं। सोनाली बेंद्रे ने कहा, जब मैं उस गाने की शूटिंग कर रही थी तब मुझे नहीं पता था कि मैं प्रेग्नेंट हूं। फराह खान ने सोनाली बेंद्रे की तारीफ की और बताया कि कैसे वह उन दिनों एक कम्पलीट एक्ट्रेस लगा करती थीं। जिसके बाद सोनाली बेंद्रे ने मजाकिया लहजे में कहा, वह मुझे यह बता रही हैं कि मैंने एक पंजाबी से शादी की है। फराह खान ने बताया, उसने पूरा डांस प्रेग्नेंसी में ही किया था। एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे की शादी साल नवंबर 2002 में फिल्ममेकर गोल्डी बहल से हुई थी। दोनों का एक बच्चा है जिसका जन्म साल 2005 में हुआ था।




## सुपर डांसर चैप्टर 5 लौट रहा है




डांस रियलिटी शो सुपर डांसर अब अपने पाँचवें सीज़न के साथ धमाकेदार वापसी करने जा रहा है। इस बार मंच पर उतरेंगे असाधारण प्रतिभा से भरपूर 12 नन्हे प्रतिभागी, जिन्हें देशभर से 12 प्रसिद्ध कोरियोग्राफर्स ने स्वयं उनके टैलेंट और लोकप्रियता के आधार पर चुना है। हर प्रतियोगी को एक व्यक्तिगत 'गुरु' यानी मेंटर के साथ जोड़ा जाएगा, जो उनकी कला को निखारने में मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। शो की आत्मा को जीवंत करते हैं इसके दर्शकों के चहेते जज़ – शानदार और जोशीली शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, हमेशा ग्रेसफुल 'गीता मां' यानी गीता कपूर, और इस सीज़न में जजों के पैनल में शामिल हो रहे हैं मशहूर कोरियोग्राफर मर्ज़ी पेस्टोंजी, जो शो में नई ऊर्जा का संचार करेंगे।

## आज भी दिल में की दिवानगी

गायक रविन्द्र सिंह का नया बर्थडे गीत रिलीज़ होते ही काफी लोकप्रिय हो रहा है। गाने को खूब व्यूज और लाइक मिल रहे हैं। रविन्द्र सिंह द्वारा गाया गया यह बर्थडे सांग लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। यह काफी एनर्जी से भरपूर खूबसूरत गीत है जो बर्थडे पार्टी के लिए परफेक्ट गीत है।आर विज़न प्रेजेंट्स बर्थडे सांग के गायक रविन्द्र सिंह हैं जबकि इसकी गीतकार नीतू पाण्डेय क्रांति है। इसका संगीत युवी ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर राज सागर हैं। डीओपी व एडिटर नरेश शाह हैं। इस वीडियो मे जीत राय दत्त, कनिष्का और रविन्द्र सिंह ने अभिनय किया है।



## अनुपमा बनी बचों की दोस्त

अनुपमा यानी रूपाली गांगुली एक नए अवतार में नजर आएंगी। दिल की बातें में वो एक दिलचस्प टॉक शो होस्ट करेंगी, जिसमें उनके साथ होंगे कुछ प्यारे और चुलबुले बचे। इस खास शो में अनुपमा बचों की मेंटर और दोस्त बनकर उनसे खुलकर बातें करती दिखेंगी, जहां हंसी-मजाक, मासूमियत और ज़िंदगी के छोटे-छोटे पाठ मिलकर एक खूबसूरत सफर बनाएंगे।दिल की बातें शो में अनुपमा की समझदारी और बचों की सची, बेबाक दुनिया का खूबसूरत मेल देखने को मिलेगा। मस्ती भरी बातों, दिल छू लेने वाले पलों और हंसी से भरपूर हर एपिसोड में दर्शकों को हर उम्र के लिए कुछ ना कुछ खास देखने को मिलेगा।

## बिपाशा की तस्वीरें देखकर हर कोई है शॉक्ड

बिपाशा बसु की वायरल तस्वीरों को देखकर हर कोई काफी हैरान और शॉक्ड नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में बिपाशा पहले से काफी मोटी नजर आ रही हैं। डिलीवरी के बाद बिपाशा बसु का वजन बढ़ा जरूर था, लेकिन एक्ट्रेस सोशल मीडिया के जरिए लगातार फैंस के टच में बनी रही हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने पिछली पोस्ट तीन दिन पहले की थी जिसमें उन्होंने कैट आय सनग्लासेज पहने अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में बिपाशा बिलकुल नॉर्मल नजर आ रही हैं। उनका वेट भी उतना नहीं है जितना वायरल फोटोज में दिखाया जा रहा है। बात सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों की करें तो उन्हें साझा करते हुए दावा किया जा रहा है कि ये बिपाशा बसु की जिम से बाहर निकलते हुए हाल ही में ली गई तस्वीरें हैं। कई लोगों ने पोस्ट में लिखा है कि एक वक्त पर पोस्टर गर्ल रहीं बिपाशा बसु कितनी बदल गई हैं।

## हनुमान ने लिया शनि देव का सामना करने का निर्णय

'वीर हनुमान' शो में दर्शकों ने देखा कि किष्किंधा में अफरा-तफरी के बीच वीर हनुमान ने अग्निदेव के पुत्र नील को संकट से बचाया है। नील को बचाने के बाद हनुमान लौटते हैं, लेकिन उन्हें पता चलता है कि अब किष्किंधा शनि देव की दृष्टि के प्रभाव में है। एक पवित्र ग्रंथ चोरी हो गया है और इस चोरी का आरोप गलत तरीके से केसरी पर लगाया गया है, जिससे पूरे राज्य में अशांति फैल गई है। इसी अफरा-तफरी का फायदा उठाकर राक्षस किष्किंधा पर हमला कर देते हैं, लेकिन इस बार बाली भूमि की रक्षा करने से इंकार कर देता है। अपने पिता केसरी का नाम साफ करने के लिए हनुमान प्रण लेते हैं कि जब तक वह चोरी हुआ ग्रंथ वापस नहीं लाते और अपने पिता पर लगे झूठे आरोप नहीं हटाते, तब तक वापस नहीं लौटेंगे। इसी न्याय की खोज में हनुमान एक चौंकाने वाला सच जान जाते हैं–जिसे वे साधु समझ रहे थे, वह कोई ऋषि नहीं, बल्कि स्वयं शनि देव हैं।



## मलाइका का इन-फ्लाइट हिप-हॉप सेफ्टी परफॉर्मेंस



हिप-हॉप का जुनून अब नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है, क्योंकि अमेज़न एमएक्स प्लेयर की डांस रिएलिटी सीरीज रियलमी हिप हॉप इंडिया सीजन 2 इस शैली को एक नए मुकाम पर ले जा रही है – और वो भी स्पाइसजेट के साथ एक साहसिक, नवाचारी और मज़ेदार साझेदारी के जरिए। इस क्रिएटिव अभियान में सामान्य इन-फ्लाइट सुरक्षा निर्देश को एक धमाकेदार हिप-हॉप परफॉर्मेंस में बदल दिया गया है, जिसका नेतृत्व खुद मलाइका अरोड़ा कर रही हैं। स्पाइसजेट के केबिन क्रू यूनिफॉर्म में सजी मलाइका, जज पैनल को छोड़कर हवाई जहाज के गलियारे में कदम रखती हैं और यात्रियों को स्टाइल, स्वैग और शानदार कोरियोग्राफी के साथ सुरक्षा निर्देशों से परिचित कराती हैं। कृपया ध्यान छ्छ्छ जैसे दमदार टैगलाइन के साथ लॉन्च किया गया यह अभियान पारंपरिक सुरक्षा नियमों में हिप-हॉप का तड़का लगाता है – जिसमें डिस्को लाइटिंग, शानदार सिनेमैटोग्राफी और चुटीले पल शामिल हैं, जो एक सामान्य एयरलाइन घोषणा को एक अवश्य देखे जाने वाला प्रदर्शन बना देते हैं।

## कटिंग परलॉन्च किए नए शोज़!

कटिंग प्लेटफार्म अपने दर्शकों को ठीक ऐसा ही देने का वादा करता है। ये भारत का नया वर्टिकल कंटेंट सेगमेंट है जो दर्शकों के लिए लेकर आया है पांच तेज़-तर्रार, दिलचस्प और आज के दौर से जुड़ी कहानियां, जिसे लीड कर रहे हैं दिव्या अग्रवाल, चेतन हंसराज, कंगना शर्मा, जुबेर खान और सना सुल्तान जैसे पॉपुलर चेहरे।अपने वायरल म्यूज़िक वीडियोज़ और बिग बॉस ओटीटी के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री सना सुल्तान अपने नए शो 'आशिक अरबपति' से अब एक्टिंग की दुनिया में पूरी तरह कदम रख रही हैं। सना ने कहा, रीना एक गहराई और सच्चाई से भरा किरदार है। कटिंग जैसे नए प्लेटफॉर्म पर एक्टिंग डेब्यू करना मेरे लिए बहुत खास है। ये कंटेंट आज के व्यूअर्स के लिए बना है और मुझे भरोसा है लोग इसकी कहानी से खुदको जोड़ पाएंगे।



## दीपिका कक्कड़ की सर्जरी अब अगले हफ्ते के लिए टाली



ट्यूमर से जूझ रही दीपिका कक्कड़ की सर्जरी अब अगले सप्ताह के लिए टाल दी है। दीपिका के पति शोएब इब्राहिम ने खुद अपने व्लॉग्स के जरिए बताया था कि दीपिका के लिवर के लेफ्ट लोब में ट्यूमर है वो भी टेन्निस की बॉल जितने साइज का। एक्ट्रेस को हाल ही में कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनकी सर्जरी होने वाली थी, लेकिन अब शोएब ने नया अपडेट दिया है कि दीपिका घर आ गई हैं और उनकी सर्जरी अब अगले हफ्ते के लिए टाल दी गई है। इसके साथ ही उन्होंने सभी से अपनी बहन और भांजे के लिए भी दुआ करने को कहा है। शोएब ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, आप सभी को दीपिका का अपडेट बताना चाहता हूं कि उनका फीवर अब कंट्रोल में है और वह घर आ गई हैं। उनकी सर्जरी अब आने वाले हफ्ते के लिए शेड्यूल हो गई है अगर सब सही रहा तो। प्लीज उनके लिए दुआ करते रहें।

## जयती ने बुआ जी के किरदार में नया रंग भर दिया

शो 'जाने अनजाने हम मिले' में शारदा सूर्यवंशी यानी बुआ जी की चालें और इमोशनल पॉलिटिक्स इस कहानी में गहराई और ट्विस्ट लेकर आती हैं। इस पेचीदा किरदार को निभा रही हैं दमदार परफ़ॉर्मर और अनुभवी अदाकारा जयती भाटिया, जिनकी अदाकारी ने बुआ जी को एक आम विलेन नहीं, बल्कि एक दमदार और दिलचस्प शख्सियत बना दिया है।जयती भाटिया, ने बुआ जी के किरदार में एक नया रंग भर दिया है। इस रोल के लिए उन्होंने खुद की ज़िंदगी से प्रेरणा ली,

आईपीएस सोनाली मिश्रा रहेंगी सिक्यूरिटी इंचार्ज, साथ में साढ़े 500 महिला पुलिस

पुलिस कमिश्नर ने बुधवार शाम को ली बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश साढ़े तीन हजार का बल रहेगा तैनात

# पीएम मोदी के भोपाल आगमन पर सुरक्षा चाक-चौबंद, एसपीजी ने संभाली कमान

**भोपाल, आरएनएन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 31 मई को भोपाल आना प्रस्तावित है। पीएम जंबूरी मैदान में आयोजित महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन महासम्मेलन में आ रहे हैं। सुरक्षा चाक-चौबंद की जा रही है। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने कमान संभाल ली है। महिला से जुड़े इस कार्यक्रम की सुरक्षा की कमान भी महिला अफसरों के हाथ में सौंपी गई है। आईपीएस एडीजी चयन सोनाली मिश्रा को सुरक्षा की कमान सौंपी गई है। वे पीएम दौरे की सिक्यूरिटी इंचार्ज हैं। वहीं भोपाल देहात डीआईजी मोनिका शुक्ला कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगी।

करीब साढ़े 500 महिला पुलिस बल कार्यक्रम स्थल पर तैनात रहेगा। एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल के बीच साढ़े तीन हजार पुलिस बल तैनात रहेगा। जानकारी के मुताबिक, जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में करीब 2 लाख महिलाओं के आने की संभावना जताई गई है। इस विशाल कार्यक्रम की निगरानी महिला अफसर करेंगी। महिलाओं को भी कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए पुलिस की जांच से गुजरना होगा। पीएम का विमान एयरपोर्ट पर उतरेगा। इसके बाद वह सेना के हैलीकॉप्टर से जंबूरी मैदान पहुंचेंगे।

### 5 किमी का क्षेत्र हुआ नो-फ्लाई जोन

पीएम के जेड प्लस सुरक्षा दर्जा एवं एसपीजी सुरक्षा कवर को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था के लिए बुधवार को आदेश जारी किए। सुरक्षा व्यवस्था के तहत कार्यक्रम स्थल से पांच किमी की परिधि में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट बैलून एवं अन्य फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स के उड़ान पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध 31 मई शनिवार को सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा।






### तैयारियां जोरों पर, बारिश से पड़ रहा खलल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 31 मई को राजधानी आगमन को लेकर जम्बूरी मैदान पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस कार्यक्रम में दो लाख से अधिक महिलाओं के भागीदारी की संभावना है। पीएम के कार्यक्रम को लेकर जम्बूरी मैदान पर डोम का निर्माण चल रहा है और सुरक्षा के लिए बैरीकेट्स भी लगाए जा रहे हैं पर बारिश के चलते तैयारियों में खलल पड़ रहा है।

## महिला सशक्तिकरण सम्मेलन के दौरान जम्बूरी मैदान के आसपास बदला रहेगा रूट

**भोपाल।** देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर जम्बूरी मैदान में 31 मई को महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए करीब 5000 बसों से प्रदेश के विभिन्न जिलों से महिलाओं के आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। ट्रैफिक पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान मार्ग, पार्किंग व यातायात व्यवस्था की योजना बनाई है।

### कार्यक्रम स्थल के लिए मार्ग व पार्किंग व्यवस्था

- इन्दौर, खंडवा, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर की ओर से आने वाले वाहन खजूरी सड़क, बकानियाँ डिपो होते हुए मुबारकपुर, लांबाखेड़ा, चौपड़ा कला, पटेल नगर बायपास, आंनद नगर से जम्बूरी मैदान कट पाइंट का उपयोग करते हुए जम्बूरी मैदान पार्किंग स्थल में पार्क होंगे।
- राजगढ़, ब्यावारा, गुना, अशोक नगर से आने वाले वाहन मुबारकपुर जोड़, लांबाखेड़ा जोड़, चौपड़ा कला जोड़, पटेल नगर बायपास, आंनद नगर से जम्बूरी मैदान कट पाइंट का उपयोग कर बसें जम्बूरी मैदान पार्किंग में पार्क करेंगे।
- सागर, रायसेन, विदिशा की ओर से आने वाले वाहन पटेल नगर चौराहा से आनंद नगर से जम्बूरी मैदान कट पाइंट का उपयोग करते हुए बसें जम्बूरी मैदान पार्किंग में पार्क करेंगे।
- नमर्दापुरम, हरदा, बैतूल की ओर से आने वाले वाहन 11 मील से मिसरोद रोड, आरआरएल तिराहा, एम्स, बरखेड़ा पठानी होकर सेंट जेवियर स्कूल के पीछे बस पार्किंग में पार्क करेंगे।
- जबलपुर, नरसिंहपुर की ओर से आने वाले सभी वाहन 11 मील, खजूरी कला जोड़ से बाएं मुड़कर एसओएस रोड होकर जम्बूरी मैदान पार्किंग में पार्क करेंगे।
- भोपाल से आने वाले सभी प्रकार के बस वाहन प्रभात चौराहा, आईटीआई तिराहा, पिपलानी पेट्रोल पम्प तिराहा होते हुए एनसीसी ग्राउंड तथा भेल दशहरा मैदान में बस पार्किंग स्थल पर पार्क करेंगे।

### 31 मई की सुबह 6 बजे से यातायात दबाव मार्ग

- कार्यक्रम के दौरान बोर्ड ऑफिस, गोविंदपुरा टर्निंग, अन्ना नगर, सदभावना चौराहा, महात्मा गांधी चौराहा, सेंट जेवियर स्कूल, अवधपुरी तिराहा तक मार्ग पर यातायात का अधिक दबाव रहेगा।
- पटेल नगर बायपास, आनंद नगर, रत्नागिरी तिराहा, पिपलानी पेट्रोल पम्प तक मार्ग पर यातायात का अत्याधिक दबाव रहेगा।

### यहां से किया जा सकेगा आवागमन

अवधपुरी से बीकानेर भंडार, सुरभि इन्कलेव, रिषीपुरम चौराहा, वर्व चौराहा, विजय मार्केट, श्रीकृष्ण मंदिर, बरखेड़ा, गुलाब उद्यान, मस्जिद तिराहा, डीआरएम ऑफिस, हबीबगंज नाका अथवा हबीबगंज अण्डर ब्रिज से 10 नम्बर मार्केट की ओर आवागमन कर सकेंगे। पिपलानी अयोध्या नगर से आने वाले वाहन जेके रोड, आईटीआई तिराहा, प्रभात चौराहा मार्ग से आवागमन कर सकेंगे।

### यात्री बसों का ऐसा रहेगा डायवर्सन

- होशंगाबाद, जबलपुर, छिंदवाड़ा व बैतूल की ओर से आने वाली बसें 11 मील व हबीबगंज नाका होते हुए आईएसबीटी की ओर आवागमन कर सकेंगी। आईएसबीटी से आगे यात्री बसों का नादरा बस स्टैंड की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- सागर, छतरपुर, दमोह की ओर से आने वाली यात्री बसें पटेल नगर बायपास, 11 मील, हबीबगंज नाका होते हुए आईएसबीटी की ओर आवागमन कर सकेंगी।
- इंदौर से भोपाल की ओर आने वाली बसें हलालपुर बस स्टैंड का उपयोग कर सकेंगी। इंदौर व उज्जैन की ओर से आने वाली यात्री बसों का हलालपुर बस स्टैंड से आगे लालघाटी की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- गुना, राजगढ़ और ब्यावरा की ओर से आने वाली यात्री बसें मुबारकपुर बायपास, गांधी नगर, लालघाटी चौराहा होते हुए हलालपुर बस स्टैंड का उपयोग कर सकेंगी।

## ब्रीफ न्यूज

### एनसीसी कैडेट्स ने भ्रमण में जानी शहर की ऐतिहासिक विरासत



**भोपाल।** सरोजिनी नायडू महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने बुधवार को विकास भी, विरासत भी के अंतर्गत शहर की ऐतिहासिक इमारत एवं स्थानों का भ्रमण किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव द्वारा भ्रमण के दौरान इन ऐतिहासिक इमारतों की विशेषता, इतिहास जानने एवं वर्तमान में इनकी उपयोगिता हेतु शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को समझ कर इनके संरक्षण में सहयोग के लिए कैडेट्स को प्रेरित किया। कैडेट्स द्वारा गौहर महल, मोती महल एवं इकबाल मैदान का भ्रमण किया जहां कैडेट्स को न केवल इन स्थान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी मिली, साथ ही इन ऐतिहासिक इमारत के संरक्षण के लिए शासन द्वारा किए जा रहे प्रयास एवं विकास की भी जानकारी भी प्राप्त हुई। सार्जेंट मुस्कान साहू एवं कैडेट जानवी द्वारा अन्य इमारतों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी अपने साथी कैडेट्स को दी गई। इस भ्रमण में महाविद्यालय की 34 कैडेट्स ने एनसीसी केयरटेकर, नेहा चौधरी की देखरेख में भ्रमण किया।

### मानव संग्रहालय में 5 जून तक करो और सीखो का आयोजन

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में बुधवार को करो और सीखो, शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत आंध्रप्रदेश की पारंपरिक कलमकारी विषयक चित्रकला कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला पारंपरिक भारतीय चित्रकला की समृद्ध विधा कलमकारी को केंद्र में रखते हुए आयोजित की गई है, जिसमें आंध्रप्रदेश की इस विशिष्ट लोक चित्र कला के इतिहास, तकनीक और सौंदर्यबोध से प्रतिभागियों को परिचित कराया जाएगा। शुभारंभ समारोह में संग्रहालय के कार्यालय अध्यक्ष डॉ. सूर्य कुमार पांडे, जनसम्पर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार, असिस्टेंट कीपर डॉ. अशोक वर्धन आदि की उपस्थिति रही। कलमकारी चित्रकारों ए मधु एवं राजेंद्र जो कि आंध्र प्रदेश के श्री कालहस्ती क्षेत्र से आए हैं, द्वारा कलमकारी कला की सांस्कृतिक विरासत के बारे में बताया। पहले दिन कार्यशाला में पंजीकृत हुए लगभग पंद्रह प्रतिभागियों को पारंपरिक रंगों के उपयोग से प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला का आयोजन 28 मई से 5 जून तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संग्रहालय परिसर के वीथी संकुल इन्डोर म्यूजियम भवन परिसर में किया जाएगा।

### संशोधित नियम के आधार पर होंगी फार्मासिस्ट की भर्ती परीक्षाएं

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्टों की भर्ती प्रक्रिया संशोधित नियम के आधार पर कराई जाएगी। अभी भर्ती प्रक्रियाओं की अहर्ता में संशोधन प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के आवास पर पहुंचकर मुलाकात की। प्रदेश मीडिया प्रभारी श्रीकांत मिश्रा द्वारा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ला को वर्ष 1994 में किये गए भर्ती नियमों संशोधन की जानकारी दी गई। आवश्यक दस्तावेज भी उनके कार्यालय में सौप दिए गए हैं। मंत्री ने आश्वस्त किया कि आगामी भर्ती परीक्षाओ में 1989 भर्ती नियम की बजाय संशोधित भर्ती नियम के अनुसार भर्ती की जाएगी। इसके लिए विभागीय स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियो को निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने बताया कि वर्ष 1994 में हुए संशोधन अनुसार फार्मासिस्ट के पद हेतु अहर्ता केवल फार्मेसी में डिप्लोमा/डिग्री और स्टेट फार्मेसी काउंसिल में जीवित पंजीयन ही अनिवार्य शर्त रखी जानी चाहिए।

### विक्रमादित्य महोत्सव समिति के अध्यक्ष किशोर का सम्मान



**संत हिरदाराम नगर, आरएनएन।** राजा वीर विक्रमादित्मय मंदिर

सुनाई महारानी दुर्गावती और देवी अहिल्याबाई की कहानी

# अहिल्याबाई व दुर्गावती का जीवन संघर्षों से भरा रहा, इन्होंने कभी हार नहीं मानी

### मुख्यमंत्री ने महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में सीएम की पाठशाला में छात्राओं से किया संवाद

● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं है। राष्ट्र का हित सर्वोपरि है। भारत देश में महिलाएं तब भी सशक्त थीं, जब उन्हें कम अधिकार थे और आज भी उतनी ही सशक्त हैं, जब उन्हें सर्वाधिकार प्राप्त हैं। महारानी दुर्गावती व देवी अहिल्याबाई ने अपने साहस, शौर्य, पराक्रम और कौशल से न केवल शासन किया, अपितु प्रशासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में एक आदर्श प्रस्तुत किया। दोनों का जीवन आसान नहीं था, इनके जीवन में नाना प्रकार के संघर्ष थे, अवरोध थे, कठिनाइयां थीं, दुश्वारियां थीं, फिर भी इन्होंने हार नहीं मानी और अंततः सारी कठिनाइयों से लड़कर और जूझकर उन्होंने अपना मुकाम हासिल किया।

यही वजह है कि आज हम इन्हें उनके पराक्रम के लिए जानते हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को भोपाल के महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्राओं से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कॉलेज के फैशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की छात्राओं से उनके क्लासरूम में सीएम की पाठशाला लगाई और सभी बेटियों से गुरुतुल्य व पितातुल्य संवाद किया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को मप्र की महारानी दुर्गावती और लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सम्पूर्ण जीवन वृतांत पर रोचकतापूर्वक प्रकाश डालकर छात्राओं का ज्ञान संवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महारानी दुर्गावती ने अकबर की सेना के साथ लड़ाई की और अंततः खुद को न्यौछावर कर दिया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को बताया कि महारानी दुर्गावती ने जबलपुर में आधारताल, मदन महल बनाया। ऐसी जल संरचनाएं बनवाईं कि एक तालाब भरने के बाद अगला तालाब, उसके बाद उसके अगले तालाब में जल संरक्षण होता रहा। इससे प्रजा को जल संचयन की प्रेरणा मिली।



### अहिल्याबाई ने पेश की महिला सशक्तिकरण की मिसाल

मुख्यमंत्री ने लोकमाता अहिल्याबाई के बारे में छात्राओं को बताया कि उन्होंने अपने करीब 28 साल के शासन में देश को शासन व्यवस्था की एक नई परिभाषा सिखाई। उन्होंने जगह-जगह मंदिर बनवाए, घाट बनवाए, यात्रियों के लिए सराय (विश्राम गृह), अन्न क्षेत्र, तीर्थ क्षेत्र बनवाए। महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम करते हुए देवी अहिल्याबाई ने विधवा विवाह कराए। वे एक अच्छी बेटी, अच्छी बहू, अच्छी पत्नी के साथ एक ममतामयी मां भी थीं। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को बताया कि अहिल्याबाई का जन्म 31 मई, 1725 को एक मराठा हिन्दू परिवार में चौंडी नामक गांव में हुआ था, जो आजकल महाराष्ट्र के अहमदनगर में आता है। चूंकि 31 मई को उनके जन्म के 300 साल पूरे हो रहे हैं, यही कारण है कि आज न केवल मप्र बल्कि पूरा देश उनका 300वां जयंती वर्ष हर्षोल्लास से मना रहा है। उन्होंने कहा कि 31 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देवी अहिल्याबाई की स्मृति में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल होने भोपाल आ रहे हैं।

लेह-लद्दाख तीर्थ दर्शन यात्रा

# 25 हजार मिलना तो दूर, दस हजार रु. का अनुदान भी बंद

● संत हिरदाराम नगर

लेह-लद्दाख तीर्थ दर्शन के लिए प्रत्येक यात्री को 25 हजार के अनुदान की घोषणा तो पूरी नहीं हो सकी बल्कि जो पहले से 10 हजार रुपए का अनुदान दिया जाता था, वह भी बंद हो गया। दरअसल देश की जीडीपी में सिंधी समाज का 24 प्रतिशत योगदान है, जबकि उसकी कुल आबादी देशभर में मात्र 1.50 करोड़ है। यह समाज सरकारी स्तर पर अनेक हकों से वंचित है। समय-समय पर हुई घोषणाओं पर अमल नहीं होने से समाज खासा आहत है। अगर बात की जाए लेह लद्दाख तीर्थ दर्शन यात्रा की, तो यह वह यात्रा है जहां से हाल ही में भारत सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को खत्म किया। दरअसल लेह लद्दाख ही सिंधु नदी का उदगम स्थल है। पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने सिंधु दर्शन यात्रा का शुभारंभ किया था, तब से लेकर आज तक हर साल जून माह में देशभर से हजारों लोग लेह लद्दाख की यात्रा करते हैं।सिंधु नदी का स्थान भी गंगा तरह पवित्र माना जाता है।

### शुरू किया अनुदान देना

शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्रीत्व काल में सरकार ने तीर्थ दर्शन यात्रा प्रारंभ कर बड़े बुजुर्गो को हर साल किसी न किसी तीर्थ पर ले जाया जाता था। हर आयु वर्ग के सिंधियों को इस तीर्थ दर्शन यात्रा में 10 साल पूर्व शामिल किया गया और प्रत्येक यात्री को 10 हजार का अनुदान देने की घोषणा की गई।

### 10 हजार भी बंद हो गए

10 साल पूर्व सिंधु दर्शन यात्रियों को जो 10 हजार का अनुदान दिया जाता था, वह भी पिछले चार साल से बंद है। इस तरह घोषणा के अनुसार 25 हजार का अनुदान तो नहीं मिला उल्टे मिलने वाला 10 हजार का अनुदान भी बंद हो गया है, जिससे सिंधी समाज में गहरा असंतोष व्याप्त है।

### इनका कहना है

वर्तमान में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव संवेदनशील व्यक्ति हैं, वे निश्चित रूप से मोहन भागवत जी के समक्ष हुई घोषणा का पालन करेंगे। हम इसके लिए सीएम से मुलाकात करेंगे।

-**प्रकाश मीरचंदानी**, संरक्षक, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, संत नगर

### दस हजार से बढ़ाकर किया था 25 हजार का अनुदान

संस्था भारतीय सिंधु सभा ने 31 मार्च 2023 को भेल भोपाल ग्राउंड पर सिंधियों का जमावड़ा किया। इसमें देश विदेश से 20 लाख से अधिक सिंधी भाषी शामिल हुए। आरएसएस स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत मुख्य अतिथि थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एकमात्र सिंधी महामंडलेश्वर हंसराम महाराज भीलवाड़ा ने की थी। इस मौके पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर साल लेह लद्दाख की होने वाली यात्रा का अनुदान 10 हजार रुपए से बढ़ाकर प्रत्येक यात्री को 25 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा की थी। इस घोषणा का देशभर के सिंधी समाज में खासा स्वागत हुआ। इसके बाद पहली तीर्थ दर्शन यात्रा जून 2023 में हुई परन्तु सरकार ने किसी भी यात्री को अनुदान नहीं दिया। इसके बाद 2024 जून एवं वर्तमान में 31 मई 2025 को तीसरी लेह यात्रा होने जा रही है लेकिन अभी तक प्रत्येक यात्री को 25 हजार रुपए अनुदान देने की घोषणा पर अमल नहीं किया है।

## महाराणा प्रताप जयंती आज, निकलेगी शोभायात्रा

● भोपाल /

मध्य प्रदेश राजपूत समाज संस्था द्वारा महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव गुरुवार को चार इमली स्थित महाराणा प्रताप भवन पर धूमधाम से मनाया जाएगा। समाज के महासचिव दीपक चौहान ने बताया कि इस अवसर पर महाराणा प्रताप के जीवन पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता शाम 4:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक विशेष रूप से आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को संस्था द्वारा प्रमाण पत्र भेंट किए जाएंगे। इसके अलावा राजपूत समाज के आर्थिक तौर से कमजोर वर्ग के मेधावी एवं होनहार 101 छात्र-छात्राओं के लिए स्मृति छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया जाएगा। 10 वीं क्लॉस में 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले चयनित छात्र-छात्राओं को 1 हजार प्रति माह कक्षा 11वीं एवं 12वीं के लिए दिए जाएंगे। छात्रवृत्ति योजना के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 15 जुलाई है।

### धूमधाम से मनाई जाएगी जयंती

राजपूत महापंचायत की ओर से 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर एमपी नगर स्थित महाराणा प्रताप प्रतिमा से टीटी नगर महाराणा प्रताप लोक तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। राजपूत महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि शोभायात्रा शाम 5 बजे निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा एमपी नगर से टीटी नगर स्थित महाराणा प्रताप लोक तक पहुंचेगी। इसमें विंटेज कार, कार, ऊंट, घोड़े, रथ आदि खास आकर्षण का केंद्र होंगे। शोभायात्रा में प्रदेश के अनेक स्थानों से राजपूत शामिल होंगे।

## डेढ़ लाख से अधिक निर्धन बच्चों का निजी स्कूलों में होगा नि :शुल्क प्रवेश

आरटीई में वंचित समूह वर्ग के बच्चों के लिए ऑनलाइन लाटरी आज

● भोपाल

निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम(आरटीई) के अंतर्गत वंचित समूह वर्ग के गरीब बच्चों को आज ऑनलाइन लाटरी से प्रवेश मिलेगा। प्रायवेट स्कूलों में निर्धारित सीटें इन्हें आवंटित की जाएंगी। राज्य शिक्षा केन्द्र का कहना है कि डेढ लाख से अधिक बच्चों के एडमीशन निःशुल्क कराए जाएंगे।

राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने कहा कि निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश हेतु ऑनलाइन लॉटरी 29 मई को राज्य शिक्षा केन्द्र के आरटीई पोर्टल पर मिलेगी। इसी से उन्हें पता चलेगा कि उनके लिए आवंटित शाला कौन सी है। गुरुवार को प्रातः 11 बजे निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाईन लॉटरी संचालित की जायेगी। जिसका सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के यूट्यूब चैनल पर किया जायेगा। आवेदक कार्यक्रम समय प्रातः 11 के पश्चात उनके बच्चों को आवंटित शाला की जानकारी आरटीई पोर्टल पर देख सकेंगे।

कार्य योजना — ट्रेक्शन मोटर व ट्रांसफार्मर के क्षेत्र में बेहतर कार्य बरकरार

# भेल थर्मल प्रोजेक्ट तैयार करने बढ़ा रहा कदम

● भेल /

बीएचईएल अब थर्मल आधारित प्रोजेक्ट तैयार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में इस काम को मदर यूनिट द्वारा आगे बढ़ाया जाएगा।

बीएचईएल की मदर यूनिट ने जहां विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अपनी साख को बरकरार रखा है, वहीं नित नई आधुनिक तकनीक से बने उत्पादन खंडों का निर्माण कर रहा है। इन नए ब्लाकों में अत्याधुनिक मशीनें लगाकर उत्पादन कार्य को गति मिल रही है। वहीं 1200 केवी ट्रांसफार्मर के साथ ही अन्य क्षेत्र में भी भेल ऊंचाइयां छू रहा है। भोपाल इकाई द्वारा बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने ट्रांसफार्मर और इलेक्ट्रिक मोटर के क्षेत्र में बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इन ब्लाकों में मशीनों को एक खास वातावरण में रखा जाता है, जिससे उनकी गुणवत्ता कायम बनी रहती है और काम को गति मिल रही है।

### उत्पादन में नए ब्लाकों की भागीदारी

बताया जाता है कि बीएचईएल भोपाल इकाई में एक वर्ष के दौरान तीन नए ब्लाकों का निर्माण कार्य किया गया है। इन ब्लाकों में जब काम शुरू हुआ तो उत्पादन लक्ष्य को भी गति मिली। यहां बनने वाले इलेक्ट्रिक मोटर और ट्रांसफार्मर की मांग देश में नहीं बल्कि विदेश में भी होती है।

### युवा इंजीनियरों के कंधों पर जिम्मेदारी

भोपाल यूनिट में करीब 1 हजार से ज्यादा से युवा कर्मचारी है जो अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे है। यहां 400 से ज्यादा इंजीनियरों को अपनी योग्यता के आधार पर प्रमुख ब्लाकों में जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जाता है आधुनिक तकनीक को बढ़ाने के लिए कंपनी का फोकस इन पर ज्यादा दिखाई दे रहा है। मदर इकाई में महाप्रबंधक स्तर के अफसरों द्वारा उत्पादन लक्ष्य को लेकर टीम बनाई गई है। यह टीम शीर्ष प्रबंधन को अपडेट से अवगत कराएगी।

### ट्रांसफार्मर रेलवे के साथ विदेशों में भी सप्लाई

न्यू ट्रांसफार्मर ब्लाक में बड़े-बड़े ट्रांसफार्मर बनाए जा रहे हैं। भेल द्वारा निर्मित किए जाने वाली मोटर भारतीय रेलवे के साथ ही विदेशों में सप्लाई की जा रही है। भेल भोपाल इकाई द्वारा भविष्य में बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए तीन नए ब्लाकों का काम कराया गया। इन ब्लाकों से भेल के वार्षिक लक्ष्य में इस वर्ष बढ़ोत्तरी होगी। भेल प्रबंधन द्वारा विश्व की आधुनिक तकनीक पर अमल किया जा रहा है।

### इनका कहना है

देश में इन दिनों सोलर की मांग ज्यादा है लेकिन उर्जा के लिए सिर्फ दिन में निर्भर रहना पड़ता है। इसलिए थर्मल आधारित प्रोजेक्ट की भी मांग बढ़ती जा रही है। भेल देश में थर्मल के क्षेत्र में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी कार्ययोजना को अंतिम रूप देने में जुटा है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com